Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

आपकी आवाज के साथ....

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | RAJHIN/2012/43137


हिन्दुस्तान की आवाज | हिन्दुस्तान पत्रिका | HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, रविवार 12 मई, 2024 | वर्षः 2 | अंकः 200 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.


# बेल पर जेल से बाहर आया नेता भी जानता है, आएगा तो मोदी हीः राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा

राजस्थान की राजनीति



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद देश का सियासी पारा हाई है। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल मोदी सरकार पर हमलावर हैं। वहीं बीजेपी भी केजरीवाल पर लगातार हमले कर रही है। उसी क्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने केजरीवाल और इंडिया गठबंधन को आड़े हाथ लिया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'केजरीवाल और पूरा INDI गठबंधन चुनाव में विफलता का अहसास कर बौखला गए हैं। देश को भटकाना और भ्रमित करना ही इनका उद्देश्य है। पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हर तरफ मोदी जी को जनता का प्रचंड आशीर्वाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी के सामने न तो इनके पास कोई नीति है न ही कोई कार्यक्रम है। अब मोदी जी के उम्र का बहाना लेकर रास्ता ढूंढ रहे हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कहीं भी उम्र को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जनता जानती है मोदी जी का कण-कण और क्षण-क्षण भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है। मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार हो रही है और अपने अगले 5वर्षों के कार्यकाल में मोदी जी देश को नए शिखर पर ले जाएंगे। विपक्ष खुश न हों, कोई मुगालता ना पाले। मोदी जी हमारे नेता है और आगे भी हमारा नेतृत्व करते रहेंगे।' उन्होंने कहा कि INDI गठबंधन और बेल पर जेल से बाहर आया नेता भी जानता है कि 'आएगा तो मोदी ही, रहेगा तो मोदी ही, भारत को मजबूत बनाएगा तो मोदी ही।'

## केजरीवाल ने पीएम मोदी के रिटायरमेंट पर क्या बोला

केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में वापस नहीं आएगी और चार जून को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, 'ये लोग 'इंडिया गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया।' उन्होंने कहा, 'वह (मोदी) अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। क्या शाह मोदी जी की गारंटी पूरी करेंगे' केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी।

## भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ जारी किया नया पोस्टर

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को अपनी प%ी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। सीएम केजरीवाल शनिवार से ही चुनाव प्रचार अभियान में भी उतरने जा रहे हैं। इस बीच भाजपा ने आम आदमी पार्टी मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नया पोस्टर जारी कर जमकर निशाना साधा है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश इकाई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल को 'भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह' बताते हुए नया पोस्टर जारी कर कहा 'भ्रष्टाचारी चाहे जेल के अंदर हो या बेल पर बाहर, भ्रष्टाचारी, भ्रष्टाचारी ही होता है!'

## भाजपा एक बार फिर से केजरीवाल को घेरने की कोशिश में

दरअसल, भाजपा यह मान कर चल रही है कि अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल अपने स्टाइल में चुनाव प्रचार अभियान को नई दिशा देने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए भाजपा एक बार फिर से केजरीवाल और आप को भ्रष्टाचार के ही मुद्दे पर घेरने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही भाजपा आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी को 'खालिस्तानी फंडिंग' मिलने के मुद्दे को भी जोर-शोर से उठाने की तैयारी कर रही है। भाजपा केजरीवाल और आप के खिलाफ भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को उठाकर दिल्ली के साथ-साथ पंजाब की जनता को भी एक संदेश देना चाहती है।

## टैम्पो पलटा और खुल गई पोल... सड़क पर बिखरे पैसों की गड्डियां देख उड़ गए लोगों के होश



**आंध्र प्रदेश।** आचार संहिता के बीच आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी में पुलिस ने 7 करोड़ रुपये जब्त किए है। दरअसल, नल्लाजर्ला मंडल के अनंतपल्ली में लॉरी की चपेट में आने से एक वाहन पलट गया जिससे यह पोल खोल गई। इसी वाहन से सात बक्सों में रखे 7 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। विजयवाड़ा से विशाखापत्तनम की ओर जा रही वाहन जब पलटी तो स्थानीय लोगों ने देखा कि उस वाहन में नकदी से भरे 7 गत्ते के बक्से ले जाए जा रहे थे, जिसमें भारी कैश रखा हुआ था। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। हादसे के बाद वाहन के चालक को चोटें आईं और उसे इलाज के लिए गोपालपुरम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। कोव्वुरू उप-विभागीय पुलिस अधिकारी के सीएच रामा राव ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नल्लाजेरला मंडल में वीरावल्ली टोल प्लाजा के पास रासायनिक चूने की बोरियों के नीचे नकदी को छिपाया गया था। इसका पता तब लगा जब एक ट्रक ने हल्के एलसीवी को पीछे से टक्कर मार दी और वह पलट गया।हादसे में एलसीवी पलटने के बाद नकदी से भरे बक्से मिले। राव ने बताया कि नकदी से भरा वाहन हैदराबाद के नचाराम से मंडापेटा की ओर जा रहा था। नकदी बॉक्स रासायनिक चूने की बोरियों के बीच रखे हुए थे। ये सात बॉक्स थे और प्रत्येक बॉक्स में एक करोड़ रुपये थे। वाहन के चालक के वीरभद्र राव का पैर टूट गया और उनकी आंख पर चोट लग गई, जिससे पुलिस को आगे बढ़ने और गिरफ्तारी करने से पहले उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने आईपीसी की धारा 338 के तहत दुर्घटना का मामला दर्ज किया और नकदी आयकर विभाग को सौंप दी। इस बीच, पुलिस नकदी की उत्पत्ति और इसके पारगमन के पीछे के लोगों की जांच कर रही है। आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर विधानसभा चुनाव के साथ 13 मई को चुनाव होंगे।

## पाकिस्तान बॉर्डर पर अब आतंकियों की खैर नहीं! सेना को मिलने जा रहा खतरनाक हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान बॉर्डर पर निगरानी बढ़ाने के लिए लगातार अपनी हवाई क्षमता को मजबूत कर रहा है। इसी कड़ी में भारतीय सेना को अपना पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन 18 जून को मिलने जा रहा है। हर्मीस ड्रोन की तैनाती से पाकिस्तान बॉर्डर पर निगरानी करने में इजाफा होगा। हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन को दृष्टि-10 ड्रोन के नाम से भी जाना जाता है। स्वदेशी कंपनी अदाणी डिफेंस सिस्टम्स इसकी आपूर्ति थल सेना और नौसेना को कर रहा है। भारतीय सेना को पहला ड्रोन 18 जून को हैदराबाद में सेना को सौंप दिया जाएगा। बता दें कि यह आपूर्ति रक्षा मंत्रालय की ओर से बलों को दी गई आपातकालीन शक्तियों के तहत हस्ताक्षरित सौदे का हिस्सा है। सेना अपने बठिंडा बेस पर ड्रोन की तैनात करेगी जहां से वह पाकिस्तान के साथ लगती पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रख सकेगी।

## चुनाव आयोग पर मैं हैरान हूं! INDIA गठबंधन का जवाब तो दिया, 'मगर मेरे सवाल की...' मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे गए एक पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा दिए जा रहे 'घोर सांप्रदायिक और जातिवादी' बयानों से निपटने में कोई तत्परता नहीं दिखा रहा है और यह हैरान करने वाला है. पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खड़गे द्वारा 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में 'पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने' का प्रयास बताया था. खड़गे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को. खड़गे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, 'आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है.

# राजस्थान में बंद नहीं होगी रीट, भर्ती परीक्षा को बनाएंगे और आसानः शिक्षा मंत्री दिलावर

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का ख्वाब देख रहे प्रदेश के युवाओं को 2 वर्षीय बीएड, 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्सेज में दाखिले के लिए पहले पीटीईटी का एग्जाम देना होता है। उसके बाद बीएड कोर्स, फिर रीट एग्जाम और आखिर में मुख्य परीक्षा से गुजर कर स्कूल में शिक्षक बनने का सपना पूरा होता है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के कई साल गुजर जाते है और सफल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत में महज 10 फीसदी ही है। बाकी 90 फीसदी अभ्यर्थियों को मायूसी ही हाथ लगती है। ऐसे में अब प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने अभ्यर्थियों का समय व्यर्थ न हो, इस उद्देश्य से एक प्लान तैयार किया है। इसके तहत न तो छात्रों को रीट की परीक्षा देनी होगी और ना ही कई साल बर्बाद करने होंगे। बीएड से पहले ही एक परीक्षा देकर वो अपना भविष्य तय कर सकेंगे। ऐसे में युवाओं का समय बर्बाद ना हो और एक कॉम्पटिशन एग्जाम देने के बाद ही ये तय हो जाए कि उन्हें नौकरी मिलेगी या नहीं। उन्होंने बताया कि यदि बीएड किए बिना अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेगा तो परीक्षा में सफल होने पर उसे बीएड करने के लिए समय दिया जाएगा और यदि बीएड किया हुआ अभ्यर्थी परीक्षा में सफल होता है तो उसे सीधे नौकरी दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएड से पहले एक कॉम्पटिशन एग्जाम होगा। इस कॉम्पटिशन एग्जाम की मेरिट ग्रेड और विषय वार बनाई जाएगी। इस एक कॉम्पटिशन एग्जाम से ये क्लियर हो जाएगा कि अभ्यर्थी शिक्षक बनेगा या नहीं। हालांकि, इसके लिए पहले लीगल राय ली जाएगी।

## ताकि युवाओं के 5 साल बेकार न हों

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया को बताया कि जो प्लान है, उसके अनुसार युवाओं के 5 साल बेकार ना हों। पहले उन्हें बीएड के लिए प्रतियोगिता परीक्षा देनी होती है। उसके बाद बीएड और फिर रीट और मुख्य परीक्षा देनी होती है, तब जाकर नौकरी लगती है। जितने लोग बीएड करते हैं सभी को नौकरी मिल भी नहीं पाती। अधिकतर को तो कॅरियर के दूसरे के क्षेत्र में भाग्य आजमाने का भी मौका नहीं मिल पाता। शिक्षा मंत्री दिलावर ने शनिवार को अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि हमने ₹श्वश्वञ्ज को रद्द करने की बात नहीं कही है, बल्कि इस परीक्षा को और अधिक आसान बनाने के सुझाव दिए हैं। हमारा लक्ष्य है कि इस परीक्षा को और ज्यादा सरल बनाकर बेरोजगार युवाओं को अधिक रोजगार देना। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार ₹श्वश्वञ्ज की परीक्षा को बंद करने जा रही है।

# पार्टी ने राय मशवरे के बाद अशोक गहलोत को बनाया था सीएम सचिन पायलट ने 6 साल बाद किया खुलासा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव और राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अपने एक इंटरव्यू में खुलासा कि 2018 में पार्टी ने उनके राय मशवरे के बाद ही अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया था। हाल ही में एक साक्षात्कार में पायलट ने 2018 में 25 दिसंबर हुए घटनाक्रम पर भी खुलकर जवाब दिया। 2018 में मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के सिलसिले में पायलट ने कहा कि जो किस्मत में होता है मिलता है, जो नहीं होता नहीं मिलता। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर बात करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि हमने राजस्थान में भाजपा को कड़ी टक्कर दी पर हम जीत नहीं पाए। 2013 में जब हम विधानसभा चुनाव हारे तो 21 सीटें आई थी, लेकिन 2023 में जब हम हारे तो हम 71 सीट जीतकर आए थे। हम भी हारते थे 20-21 या 50 सीटों तक सिमट जाते थे, लेकिन इस बार हमने भाजपा को कड़ी टक्कर दी। भले ही हम हमारी सरकार को रिपीट नहीं करवा पाए हों, लेकन हमने अच्छी फाइट दी। चाहें हमारी बीच कुछ भी मनमुटाव रहा हो, लेकिन हमने मिलकर चुनाव लड़ा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले राजस्थान में पर्यवेक्षकों के कांग्रेस विधायक दल की बैठक न होने के बारे में पायलट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था। ऐसा कभी नहीं हुआ। मुझे लगता है कि मीटिंग हो जानी चाहिए थी। गहलोत पर फोन टैपिंग के मामले पर पायलट ने कहा कि राजनीति में ऐसा चलता रहता है, इन बातों को कोई अंत नहीं है।

## 'राजस्थान में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी'

लोकसभा चुनाव की बात करते हुए पायलट ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजस्थान में इस बार कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। जो ऊपर जाता है वो नीचे भी आता है। राजस्थान में पिछले साल सभी सांसद भाजपा के चुने गए थे, लेकिन वो राजस्थान के लिए कोई बड़ा काम नहीं कर पाए। राजस्थान में 4 महीने पहले बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रही है।

## गुलाम-जम्मू कश्मीर के लोग सड़कों पर उतरे, पुलिस से झड़प

**इस्लामाबाद।** पुलिस कार्रवाई के विरोध में जारी हड़ताल से गुलाम जम्मू-कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में जीवन पूरी तरह ठहर गया। शहर में शुक्रवार को कारोबार पूरी तरह बंद रहा। स्थानीय मीडिया में शनिवार को प्रकाशित समाचारों में कहा गया है कि हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव भी हुआ आवामी एक्शन कमेटी ने मुजफ्फराबाद में शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी रखने की घोषणा की है। हड़ताल को देखते हुए सरकार ने पूरे गुलाम जम्मू-कश्मीर में धारा 144 लागू कर रखी थी और सभी शिक्षण संस्थाओं में 10 और 11 मई को अवकाश घोषित कर दिया था। इसके बावजूद सभी जिलों में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। मुजफ्फराबाद के अलावा सामहनी, सेहांसा, मीरपुर, रावलकोट, खुइरात्ता, तत्तापानी, हत्तिआन बाला में भी प्रदर्शन होने की जानकारी मिली है।गुलाम जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) द्वारा आहूत हड़ताल के कारण मुजफ्फराबाद में शुक्रवार को दुकानों के शटर बंद रहे और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही थमी रही। हड़ताल के दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और प्रदर्शनकारियों ने पथराव किए।

# भीलवाड़ा पुलिस की गुंडागर्दी? आरोपी से जबरन नोचवाए दाढ़ी के बाल

राजस्थान की राजनीति





**भीलवाड़ा** राजस्थान में भीलवाड़ा के प्रताप नगर थाने में गिरफ्तार एक आरोपी से पुलिस ने दरिंदगी करते हुए उससे जबरन उसके दाढ़ी के बाल नुचवाए। साथ ही एसएचओ ने उसका वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। वायरल वीडियो का मामला तूल पकड़ने पर एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जाता है कि पुलिस थाना प्रतापनगर ने सुरेश गुर्जर को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस दौरान उसे प्रताड़ित किया। इस मामले में थानाधिकारी, प्रतापनगर समेत 3 पुलिस कर्मियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है।

## ये तीनों पुलिसकर्मी सस्पेंड

इस मामले पर भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि प्रतापनगर थाना पुलिस ने एक मामले में सुरेश गुर्जर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान थानाधिकारी सुगन सिंह, सब इंस्पेक्टर महेन्द्र खोजी और कांस्टेबल बनवारी लाल ने गिरफ्तार युवक को प्रताड़ित किया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जाल दिया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों को सस्पेंड कर दिया है। राजन दुष्यन्त ने कहा कि अनुशासनहीनता के संबंध में जीरो टॉलरेंस जारी रहेगा। किसी भी पुलिसकर्मी की ओर से अनुशासनहीनता करने या पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने के कृत्य को गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मांडल से भाजपा विधायक उदयलाल भड़ाना ने कहा कि प्रतापनगर के पुलिस कर्मियो ने सुरेश गुर्जर को डिटेन किया, युवक से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक को टॉर्चर करते हुए उसकी दाढ़ी के बाल खुद से उखड़वाए। पुलिस ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो ग़लत हैं। विधायक ने कहा कि अगर सुरेश गुर्जर ने कोई अपराध किया है, वह दोषी है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए थी।

# अमित शाह को बनाया जाएगा प्रधानमंत्री, योगी को हटाने की कर रहे साजिशः केजरीवाल

राजस्थान की राजनीति



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कल केजरीवाल जेल से बाहर आए। जिसके बाद आज सीएम हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने अपनी प%ी सुनीता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। आप कार्यालय में सीएम केजरीवाल ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर भाजपा पर निशाना साधा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबको मेरा प्रणाम। 50 दिन बाद सीधा जेल से आपके पास आया हूं, अच्छा लग रहा है। बजरंगबली की कृपा है। आप के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा गया। आप कुचलने में पीएम ने कसर नहीं छोड़ी। मेरे को इन्होंने जेल भेज दिया। सबसे चोर लोगों को इन्होंने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मानते हैं कि भाजपा को चुनौती आम आदमी पार्टी देगी। पीएम मोदी ने एक खतरनाक मिशन शुरू किया है और वो है वन नेशन वन लीडर। इसके तहत वो सभी देश के नेताओं को खत्म करना चाहते हैं, सारे विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे और सभी भाजपा के नेताओं को निपटा देंगे, उनकी राजनीति खत्म कर देंगे मुझसे लिखवा लो- कुछ दिनों बाद ममता बनर्जी, स्टालिन, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के सभी नेता जेल में होंगे

## भाजपा ने अपने नेताओं का सफाया किया

सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़नी है तो केजरीवाल से सीखो। मैंने अपने नेता को भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई को सौंप दिया था। तानाशाह जनतंत्र खत्म करना चाहता है। देश को तानाशाह से बचाने का वक्त है। भाजपा ने अपने नेताओं का सफाया किया है। मुरली मनोहर जोशी और लालकृष्ण आडवाणी को रिटायर किया गया। इन्होंने रमन सिंह, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, मनोहर लाल की राजनीति को खत्म कर दिया है। अब अगला नंबर योगी आदित्यनाथ का है। ये चुनाव यह जीत गए तो दो महीने में यूपी का मुख्यमंत्री बदल दिया जाएगा। जो तानाशाही है। देश के सभी नेताओं को पीएम खत्म करना चाहते हैं।

## मोदी अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं

केजरीवाल ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। इस देश को बचाना है। मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं। मैं मंत्री, मुख्यमंत्री बनने नहीं आया नौकरी छोड़कर यहां आया हूं। मेरा देश के लिए सबकुछ कुर्बान है। ये इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मैं भाजपा से पूछता हूं कि इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? 2014 में मोदी ने खुद नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जायेंगे। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं।

## मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए हैः केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि हमारा देश 4000 हजार साल पुराना है। जब भी देश में किसी ने तानाशाही की कोशिश की है। जनता ने उसे बाहर कर दिया। मैं उनके खिलाफ लड़ रहा हूं। देश के 140 करोड़ लोगों से भीख मांग रहा हूं। देश को बचा लो। सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन दिए हैं। मैं पूरे देश में घूमूंगा। मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। ये लोग इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि आप का प्रधानमंत्री कौन होगा। हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आप का प्रधानमंत्री का दावेदार कौन है। पहले योगी को निपटाएंगे फिर अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी कौन पूरी करेगा।

## ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बच्चों की न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी विभिन्न जानकारियां





राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** अक्षय तृतीया के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में शुक्रवार को पीएलवी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सर्वेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य मे शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित विशिष्ट सेवा संस्थान परिसर में बाल विवाह के प्रति व्यापक जन जागरुकता हेतु संगोष्ठी व नाटक का मंचन हुआ।ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित ÷बच्चों की न्याय तक पहुंच कार्यक्रम÷ में काउंसलर कम विकटिम असीसटैंट हीना शर्मा के द्वारा बाल विवाह से होने वाली हानियों की जानकारी दी। साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में बताया। इस अवसर पर बाल विवाह से परिवार,समाज और राष्ट विकास पर पडने वाले दुष्प्रभावो पर कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। जिसके बाद मौजूद सभी को इस अभिशाप के उन्मूलन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में हीना शर्मा ने बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़ा नया गांव में भामाशाह सम्मान समारोह हुआ आयोजित

स्थानीय भामाशाह राठी ने 11 लाख की लागत से कक्षा कक्ष एवं बरामदे का निर्माण करवाकर विद्यालय को किया समर्पित



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** हिंडोली क्षेत्र के बड़ा नयागांव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि धनराज मीणा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी रहे। अतिथियों ने स्थानीय भामाशाह राधेश्याम राठी के द्वारा सुसज्जित कक्षा कक्ष ,बरामदे एवं संपूर्ण फर्नीचर का निर्माण करवा कर विद्यालय को सुपुर्द करने पर धन्यवाद प्रदान करते हुए उक्त कार्य की सराहना की। साथ ही विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह राधेश्याम राठी एवं उनके परिवार का सम्मान करते हुए राठी को सम्मान पत्र सोपा द्य समारोह में विद्यालय के अन्य भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण राठी परिवार, विद्यालय एसडीएमसी सदस्य, व. शा. शि. रतिराम गुर्जर,प्रबुद्ध ग्रामजन तथा गणेश जैन ,रतन असावा, अर्जुन शर्मा, रामकिशन सैनी, जम्मू जैन, राजू कुमावत. समाजसेवी गिरिराज बैरागी, दीपक जैन उप सरपंच, रामचरण माहेश्वरी, कजोड़ बैरवा सहित संपूर्ण विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## जौडिया सब स्टेशन से निकलने वाली 11 केवी फिडरो की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी आज

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** क्षेत्र के गांव जौडिया विद्युत सब स्टेशन से निकलने वाली 11 केवी फिडरो की विद्युत सप्लाई रविवार को विद्युत ट्रांसफार्मर चार्ज करने के लिए बंद रहेगी। विद्युत कनिष्ठ अभियंता अंकिता यादव ने बताया कि रविवार को जौडिया विद्युत सब स्टेशन का विद्युत ट्रांसफार्मर चार्ज करने के लिए विद्युत सब स्टेशन से निकलने वली 11 केवी फिडरो की विद्युत सप्लाई सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी।

## दिनदहाडे बाइक चोरी कर अज्ञात चोर मौके से फरार, मामला दर्ज

**नदबई।** कस्बे में नगर पालिका के सामने वीआईपी कॉलोनी में स्थित अपने मकान के सामने बाइक खडा किया। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। सूचना पर पुलिस ने समीपवर्ती सीसीटीवी कैमरों की जांच पडताल की। लेकिन, अज्ञात चोर का सुराग नही लग सका। पुलिस के अनुसार पीडित विपिन गर्ग पुत्र जगदीश गर्ग ने अपनी बाइक को घर के बहार खडा किया। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। बाद में पीडित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

# गांव खेडी की सीमा के नजदीक खेतो मे मिला क्षत विक्षत अवस्था मे अधेड का शव

ग्रामीणो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का लिया जायजा

मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौपा



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** शनिवार को क्षेत्र के गांव खेडी की सीमा के खेतो मे कच्चे रास्ते पर एक अधेड का शव क्षत विक्षत अवस्था मे पाया गया। ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जांच की तथा शव को कोटकासिम के राजकीय अस्पताल मे मैडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परजिनो को सौप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मसवासी निवासी संजय पुत्र राजाराम उम्र करीब 42 वर्ष जाति जाट का शव खेडी गांव की सीमा के कच्चे रास्ते पर खेतो मे क्षत विक्षत अवस्था मे मिला। वही मृतक की बाईक भी घटना स्थल के पास ही पाई गई। मृतक के शरीर पर जगह-जगह चोट कि निशान मिले तथा एक हाथ की अंगुली, होठ कटे हुए थे तथा मुंह को पूरी तरह से क्षत विक्षत किया हुआ था। पुलिस जानकारी के अनुसार मसवासी निवासी संजय पुत्र राजाराम अपने घर से शुक्रवार को सुबह 9 बजे निकल गया था। शाम को 7 बजे मृतक की पत्नि द्वारा पूछे जाने पर संजय ने एक घंटे मे वापस आने का हवाला दिया लेकिन रात के समय नही आया। सुबह करीब 7 बजे पुलिस को आस-पास के ग्रामीणो ने घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना स्थल पर जांच के साथ साक्ष्य जुटाये। साथ ही मृतक को कोटकासिम के राजकीय अस्पताल मे मैडिकल पोस्टमार्टम कराकर शाम के समय शव परिजनो को सौप दिया। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय शादीशुदा था तथा मृतक के 4 लडकी व 1 लडका है। मृतक प्रोप्टी डीलर सहित खेती का कार्य करता था। पुलिस ने मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान के आधार पर प्रथम जांच ने हत्या की आशंका जताई है।

# मौसम की पलटवार, रात-भर चला तूफानी हवाओं का दौर, जगह-जगह पेड़ टूटे टीनसेड व होडिंग उड़े

विद्युत लाईनें टुटने से विद्युत व्यवस्था हुई चौपट

रात-भर छाया रहा अंधेरा, घरेलू इनवेंटर बैटरी हुई फ़ैल गर्मी से तिलमिला उठे ग्रामीण



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** पिछले कुछ दिनों से प्रचंड गर्मी का दौर जारी है वहीं शुक्रवार शाम के समय मौसम की पलटवार के चलते आसमान में गहरे बादल छा गए और देखते ही देखते काली पीली आंधी से सड़कों पर मिट्टी व गंदगी का आलम हो गया उड़ते हुए धूल के गुब्बारों ने सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया वहीं तूफानी हवाओं के कारण कोटकासिम सहित ग्रामीण इलाकों में पेड टूटे विद्युत लाईनें होडिंग व टीन सैंड उड गये तूफानी हवाओं का दौर रात-भर रुक रुक कर जारी रहा जिसके चलते शाम के समय ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई जिसके चलते रात-भर क्षेत्र भर में अंधेरा छाया रहा वहीं घरों में उमस भरी गर्मी से रात-भर ग्रामीण जूझते रहे साथ ही लाईट आने का इंतजार करते रहे लेकिन कोटकासिम में विद्युत व्यवस्था ठप रही। वहीं शनिवार को सुबह विद्युत। व्यवस्था चौपट होने के कारण पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लोगों को पीने के पानी के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ा सुबह के होने वाली पेयजल आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को हैंडपंपों का सहारा लेना पडा। वही सुबह करीब 6 बजे विद्युत व्यवस्था बहाल की गई। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रो की विद्युत व्यवस्था शनिवार को दिन के समय चालू की गई। शनिवार को मौसम का मिजाज सामान्य रहा गर्मी के तेवर तीखे रहे कभी बादल तो कभी धूप खिलती रही।

# हल्के से हवा के झौके से खुल जाती है कोटकासिम के विद्युत व्यवस्था की पोल

12 घंटे चौपट रही विद्युत व्यवस्था

अधिकारियो के पास भी नही मिला संतोषजनक जवाब



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम विद्युत व्यवस्था की यदी बात करे तो यहां आलम इस कदर बना हुआ है कि हल्के से हवा के झौके से लाईन फाल्ट होकर विद्युत व्यवस्था की पोल खोल कर रख देता है। जिसके कारण आए दिन कोटकासिम सहित क्षेत्र के लोगो को विद्युत कटौति का सामना करना पड रहा है। सबसे ताज्जुब का विषय तो यह है कि इस विषय को लेकर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो के पास भी कोई संतोषजनक जवाब नही मिलता है। जबकि आये दिन विद्युत लाईनो एवं विद्युत ब स्टेशनो की मरम्मत कार्य के नाम पर सरेआम विद्युत कटौति होती रहती है। लेकिन हल्के से अंधड से लाईन फाल्ट होना विद्युत व्यवस्था का तमासा बनाकर रख दिया है। जिससे आए दिन लोगो को भीषण गर्मी का सामना करना पड रहा है। इसी प्रकार का वाक्या शुक्रवार शाम को आए अंधड के बाद देखने को मिला। शाम करीब 6 बजे तेज अंधड के बाद विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। करीब डेढ घंटे बाद अंधड का दौर समाप्त होने पर ग्रामीण लाईन का इंतजार करते रहे। वही विद्युत व्यवस्था के बारे मे पूछा गया तो हर बार की तरह विद्युत कर्मचारियो द्वारा रटा रटाया शब्द मिला की 33 के वी लाईन फाल्ट होने से विद्युत व्यवस्था मे व्यवधान आया हुआ है। रात 10 बजे तक उमस भरे मौसम मे ग्रामीण विद्युत व्यवस्था चालू होने की बाट जोहते रहे। लेकिन इंतजार मे पूरी रात बितानी पडी। लाईने मे आये फाल्ट का कोई निराकरण नही किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण रामभर गर्मी से तिलमला उठे। विद्युत सूत्रो की माने तो कोटकासिम मुख्यालय पर विद्युत लाईनो एवं विद्युत ट्रांसफार्मरो के रिपेयरिंग के लिए पर्याप्त सामान भी नही मिलता है। ऐसे मे इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है विद्युत विभाग के कार्यरत अधिकारी पूरी तरह बेपरवाह हो रहे है। और अपनी मनमर्जी कर रहे है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड रहा है। अगर यही हालात रहे तो भीषण गर्मी मे ग्रामीणो का जीना मुहाल हो सकता है।

# लोटवाडा में वीर हनुमान मंदिर में सामूहिक संगीतमय अखण्ड सुंदर काण्ड के पाठ का आयोजन

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** ग्राम पंचायत जोपाडा के लोटवाडा गांव में शनिवार को वीर हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को सामुहिक संगीतमय अखण्ड सुंदर काण्ड के पाठ पठन का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे सुन्दर काण्ड में श्रद्धालुओं को भीड़ उमड़ पड़ी सारा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु मन्दिर परिसर में झुम उठें। कथावाचक पंडित बबलू शर्मा तीतरवाडा ने बताया कि सुंदरकांड का पाठ श्रवण करने से भगवान श्री राम की कृपा प्राप्त होती है।उन्होंने बताया कि श्री रामचरित मानस भगवान श्री राम का घर है। त्रेतायुग में जो मर्यादा भगवान श्री राम ने स्थपित की, वह आज भी समूची मानवता के लिए कल्याणकारी है। कार्यक्रम में गायक पंडित संतोष शर्मा राधेश्याम शर्मा, महेश शर्मा आदि कलाकारों के द्वारा सुंदर काण्ड पाठ पठन किया गया। इस दौरान रामनाथ पूजारी, राधेश्याम शर्मा,विनोद शर्मा, रमेश शर्मा , महेंद्र गुर्जर, हजारी लाल गुर्जर, रामावतार विजय ,जय सिंह फौजी, हिरा राम गुर्जर, आदि मौजूद थे इसी तरह ग्राम पंचायत कालोता में ठाकुर जी महाराज के मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में दो दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ पठन का आयोजन किया गया मदनलाल शर्मा ने बताया की इस दौरान मंदिर परिसर में रामायण राम दरबार सजाया गया वीर हनुमान जी, बालाजी , शिव पंचायत ,चौथ माता, ठाकुर जी आदि की फूल बंगला झांकी सजाई गई। रविवार को पूर्णाहुति के साथ रामायण पाठ पठन का समापन होगा।

## ट्यूबवैल पर सो रहे अधेड़ की मारपीट कर हत्या, मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक सहित एफएसएल व डॉग स्कायड की मौजूदगी में जांच पडताल

पुलिस ने मेडीकल बोर्ड से कराया शव का पोस्टमार्टम, नदबई क्षेत्र के गांव पहरसर का मामला



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** क्षेत्र के गांव पहरसर के जंगल में बने ट्यूबवैल पर संदिग्ध स्थिति में एक अधेड़ का शव मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पडताल की। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला सामने आने पर जिला एसपी मृदुल कच्छावा, एडीशनल एसपी रामकल्याण मीना, पुलिस सीओ पूनम भरगढ़ एफएसएल ने डॉग स्क्वायड़ टीम की मौजूदगी में जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने नदबई उपजिला चिकित्सालय में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस के अनुसार गांव पहरसर निवासी मृतक सरमन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा देर रात खेत में बने निजी ट्यूबवैल पर सोने गए। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर सरमन की हत्या कर दी। शनिवार सुबह घर नही पहुंचने पर परिजन ट्यूबवैल पर पहुंचे। जहां ट्यूबवैल के बहार अधेड़ का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। वही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। जिला एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड़ टीम की सहायता से साक्ष्य एकत्रित कर बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी। बाद में मृतक के पुत्र कपिलदेव शर्मा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## असंतुलित होकर बाइक फिसलने से दो युवक घायल

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** कुम्हेर सड़क मार्ग पर गांव गांगरौली के समीप बाइक फिसलने से दो युवक घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में दोनों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव उवार निवासी हरभान सिंह अपने मित्र शीशराम का नगला निवासी मनोज के साथ बाइक पर सवार होकर हलैना थाना क्षेत्र के गांव पथैना जा रहा। इसी दौरान गांव गांगरौली के समीप आवारा जानवर को बचाने की जुगत में बाइक फिसलने से हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

## डीजे बजाने गये सौगात में लाये बासी रबड़ी से एक दर्जन हुये फ़ूड पॉइजनिंग के शिकार

जिला अस्पताल की गर्म फर्श पर लिटा कर बच्चो का किया ईलाज



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** हिट वेट के चलते गर्मी अपने पूरे परवान पर है। ऐसे में शादी समारोह में बनने वाले पकवान भी अब ज्यादा देर तक रुक नहीं पाते हैं। इसी को लेकर बीते दिन अक्षत तृतीया पर बड़ी संख्या में शादी समारोह हुये। ऐसे ही एक शादी में डीजे बजाने गए लोग ने वहाँ बची हुई रबड़ी साथ में ले आये। जिससे रात को फ्रिज में रख दिया और सुबह बच्चों को और महिलाओं को खिला दी। बची हुई रबड़ी खाने से सभी के पेट दर्द के साथ उल्टी दस्त हो गए। जिस पर उन सभी को शनिवार को आज सैंथल अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर अवस्था के चलते सभी को दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया रेफर कर दिया गया। जहां पर चिकित्सकों की टीम के द्वारा उनका इलाज कराया गया। इमरजेंसी में ड्यूटी ऑफिसर डॉक्टर विनोद मीणा ने बताया कि सैंथल में फूड पॉइजनिंग के करीब एक दर्जन लोग आए थे। जिसमें 9 बच्चे भी शामिल है वही बच्चों को शिशु इकाई में भर्ती कर दिया गया है जहां पर उनका उपचार जारी है। तो वहीं महिलाओं को मेडिकल वार्ड में शिफ्ट कर दिया जहां पर उनका उपचार जारी है। लेकिन हद तो तब हो गई इस तरह के हालातो के चलते बच्चों को नीचे ही फर्श पर लिटा कर उनका उपचार किया जा रहा है। ऐसे में चिकित्सा व्यवस्था की भी पोल खुल कर रह गई। फूड पॉइजनिंग के शिकार मरीजों के परिजनों का कहना है कि जिला अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। बल्कि यहां पर नीचे लेट कर इलाज किया जा रहा है। बेड तक भी नहीं है। जो एक चिंता का विषय है। साथ ही व्यवस्थाओं को लेकर परिजन भी काफी असंतुष्ट नजर आए।

## युवती को किडनैप कर गैंगरेप, कार में डालकर सरकारी स्कूल में ले गए बदमाश

**डूंगरपुर**

पैदल जा रही युवती को 3 युवक कार में डालकर किडनैप कर एक सरकारी स्कूल में ले गए। जहां बरामदे में दो युवकों ने उससे गैंगरेप किया। इसके बाद बदमाश पीड़िता को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर छोड़कर फरार हो गए। मामला डूंगरपुर के बिछीवाड़ा थाना इलाके का है। डूंगरपुर डीएसपी राजकुमार राजोरा ने बताया- बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक युवती (25) ने शुक्रवार शाम को थाने में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया है



की उसकी सगाई हो चुकी है। 9 मई की रात को 10.30 बजे वह अपने चचेरे भाई के साथ बाइक पर बैठकर अपने मंगेतर को लेने बिछीवाड़ा बस स्टैंड जा रही थी। इस दौरान झिंझवां रोड पर उनकी बाइक पंक्चर हो गई। जिस पर चचेरा भाई बाइक लेकर आगे-आगे पैदल चल रहा था, जबकि वह कुछ दूरी पर पीछे चल रही थी। इस दौरान पीछे से एक ईको कार आई। कार में 3 युवक सवार थे। कार से 2 युवक नीचे उतरे और उसे जबरन इको कार में बैठाकर फरार हो गए। इसके बाद तीनों युवक उसे एक सरकारी स्कूल में ले गए। जहां पर बरामदे में 2 युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ गैंगरेप किया। इस दौरान तीसरा युवक बाहर चौकीदारी करता रहा। इसके बाद देर रात को पीड़िता को गंभीर हालत में घटना स्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर बरोठी के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता जैसे-तैसे अपने घर पहुंची और परिवार के लोगों को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता अपने परिजनों की साथ बिछीवाड़ा थाने पहुंची। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर जांच शुरू कर दी है।

## बहन के फेरों से पहले भाई की मौत, घर में शादी की खुशियां मातम में बदली, नहाते समय बांध में डूबा

**बारां**

बारां में बहन की शादी से पहले बांध में डूबने से भाई की मौत हो गई। भाई की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। नाबालिग अपने जीजा और दोस्तों के साथ नहाने बांध में गया था। बहन की डोली उठाने से पहले ही इकलौते भाई की मौत से हर किसी की आखें नम हो गई। मामला छिपाबड़ौद क्षेत्र के रतनपुरिया गांव का है। छीपाबड़ौद थानाधिकारी विजय सिंह



ने बताया कि शुक्रवार शाम को युवती की शादी बारां के मैरिज गार्डन में होनी थी। सुबह से लेकर शादी की तैयारियां चल रही थी। दुल्हन और उसके परिजन गांव से मैरिज गार्डन में रवाना होने की तैयारी कर रहे थे। रवाना होने से पहले दुल्हन का भाई रितेश राठी (15) पुत्र प्रह्लाद सिंह अपने बड़े जीजा और दोस्तों के साथ खजुरिया बांध में नहाने के लिए गया। थानाधिकारी ने बताया कि बांध में नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालकर छीपाबड़ौद अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। नाबालिग के रिश्तेदार बूंदी निवासी विजय सिंह ने बताया कि छिपाबड़ौद के रतनपुरिया निवासी उसके मामा की तीसरी बेटी विनिता की शादी थी। इसको लेकर घर में खुशी का माहौल था। जिसको लेकर दुल्हन का भाई काफी खुश था। शुक्रवार शाम को मैरिज गार्डन में शादी का कार्यक्रम था। सुबह मैरिज गार्डन जाने की तैयारी चल रही थी। रवाना होने से पहले बांध में डूबने से नाबालिग की मौत हो गई। विजय सिंह ने बताया कि परिवार के लोगों ने दुल्हन को उसके भाई की मौत की सूचना नहीं दी। भाई की मौत के बाद बहन के फेरे मैरिज गार्डन में ना कर कुछ रिश्तेदारों की मौजूदगी में फेरों की रस्म करवाई गई। इसके बाद दुल्हन को उसके भाई की मौत की सूचना दी। घटना के बाद से परिजनों का हाल बेहाल है।

## ब्लड डोनेट कर लौट रहे दो दोस्तों की मौत, बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने कुचला, दो हिस्सों में बंटे शव

**डूंगरपुर**

ब्लड डोनेट कर बाइक से लौट रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में दोनों युवकों की बॉडी दो हिस्सों में बंट गई। राहगीरों की सूचना पर गंभीर घायल युवकों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा डूंगरपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बिछीवाड़ा रोड पर शुक्रवार रात 1 बजे नवाडेरा के पास हुआ। जिला अस्पताल में भर्ती भतीजी को ब्लड डोनेट करके वापस बहन के घर लौट



रहे थे। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया की कपिल (27) पुत्र लक्ष्मण कटारा निवासी भाटपुर अपने दोस्त बाबूलाल (20) पुत्र लकमा अहारी निवासी खुमानपुरा कोटड़िया फला के साथ जिला अस्पताल में भर्ती भतीजी को देखने गया था। ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर ब्लड डोनेट किया। इसके बाद कपिल अपने दोस्त बाबूलाल के साथ बाइक से देर रात 1 बजे अपनी बहन शिल्पा के घर बोरी गांव जाने के लिए निकला। तहसील चौराहा की तरफ से सिंटेक्स की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों से शव कुचलने से दो हिस्सों में बंट गए। दोनों को डूंगरपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों को अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर देर रात परिजन भी अस्पताल पहुंचे। मृतक बाबूलाल अहारी और कपिल कटारा दोनों गुजरात में मजदूरी करते थे। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। आरोपी वाहन ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## गौ-तस्करी बुरा काम है, अब नहीं करेंगे

**भरतपुर**

डीग जिले के जुरहरा थाना पुलिस और DST टीम ने 9 अप्रैल को दो गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस से बचकर भागते समय दोनों गिरकर घायल हो गए। दोनों के पैरों में चोट लगी। इन तस्करों का वीडियो सामने आया है, जिसमें वे गिड़गिड़ाते हुए कह रहे हैं कि गौ तस्करी बुरा काम है अब नहीं करेंगे। 9 अप्रैल को देर रात पिकअप में कुछ गौ तस्कर गोवंश लेकर हरियाणा की तरफ जा रहे थे। सूचना पर जुरहरा थाना पुलिस और DST तीन ने पिकअप का पीछा किया। इस दौरान गौ तस्करों की पिकअप का टायर फट गया। इसके बाद भी वे पिकअप दौड़ाते रहे। इसके बाद एक जगह गाड़ी रोक आरोपी खेतों में भागे। पुलिस का कहना है कि खेत में गिरकर उनके पैरों में चोट आ गई। पुलिस ने दोनों तस्करों को पकड़ लिया। साथ ही पिकअप को जब्त कर लिया। पिकअप में 5 गोवंश थे। पुलिस का कहना है कि मौके पर जब पूछताछ कर रहे थे तो अचानक पीछे से दूसरी पिकअप आई। उसमें भी तस्कर सवार थे। उन्होंने जुरहरा थाना पुलिस और DST टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जुरहरा थाना पुलिस ने भी फायरिंग की। दोनों तरफ से 20 राउंड फायरिंग हुई।

# कोटा में नकली घी बनाने की फैक्ट्री सीज, कृष्णा और बालगोपाल ब्रांड से चार सौ रुपए लीटर में बेचते

**कोटा**

कोटा में नकली घी बनाने की फैक्ट्री को 15 दिन के लिए सीज किया गया है। फैक्ट्री में टीन और डिब्बों में मिलावटी घी भरा हुआ था। कृष्णा और बालगोपाल के ब्रांड से बाजार में चार सौ रुपए लीटर बेचा जा रहा था। जांच के दौरान घी का रंग और खुशबु अलग मिला। करीब 24 लाख रुपए का सामान जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा को सूचना मिली थी कि रानपुर इलाके में नकली घी तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना के बाद जयपुर से एक टीम कोटा पहुंची और कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि जयपुर और कोटा की टीम ने मिलकर कार्यवाही करते हुए शनिवार दोपहर रानपुर इलाके में फैक्ट्री में छापा मारा। फैक्ट्री को बाल गोपाल डेयरी प्रोडक्ट नाम से नयापुरा खंड गांवडी निवासी दिलीप सिंह चला रहा है। टीम मौके पर पहुंची तो बड़ी मात्रा में घी का स्टॉक था। जांच में शुरूआती तौर पर घी नहीं लग रहा था। उसकी खुशबू भी घी जैसी नहीं है।





ऐसे में गोदाम में रखे माल को सीज किया गया। संदीप अग्रवाल ने बताया कि गोदाम में 6 से 7 हजार लीटर प्रोडक्ट है। आधा किलो, एक किलो की पैकिंग के डिब्बे, टिन और पीपों में मिलावटी घी भरा हुआ है, जिनकी कीमत करीब 24 लाख रुपए है। सैंपल लिया गया हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी कि इसमें क्या मिलावट की गई है और कितनी मिलावट की गई है। फर्म की तरफ से बाजार में घी अलग-अलग पैकिंग में सप्लाई किया जाता था और चार सौ रुपए लीटर में बाजार में बेचा जा रहा था। आमतौर पर साधारण घी की कीमत भी सात सौ रुपए से कम नहीं है। करीब एक साल से ज्यादा समय से यह माल सप्लाई हो रहा है। ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई होती थी। काउंटिंग के अनुसार करीब 24 लाख का माल सीज किया गया है। फिलहाल फर्म का लाइसेंस 15 दिन के लिए सस्पेंड किया गया है। घी में क्या मिलावट रही है, किन चीजों से मिलाकर नकली घी बनाया गया है, यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। आमतौर पर डालडा,तेल, एसेंस मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। आजकल नया ट्रेंड चल रहा है, जिसमें गुजरात और हरियाणा से टैंकर भरकर बना बनाया मिलावटी घी मंगवाया जाता है। इस फर्म में भी बाहर से ही माल मंगवाने की बात सामने आ रही है। आगे कार्रवाई में क्लियर होगा कि कहां से कितना माल मंगवाया जा रहा था। यहां बन रहा था तो किस चीज की मिलावट की जा रही थी।

## बेकाबू कार गड्ढे में जाकर गिरी, दादा-पोते की मौत, महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**नागौर**

नागौर में कार हादसे में बुजुर्ग और उसके पोते की मौत हो गई। जबकि बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा जोधपुर रोड पर कुचेरा थाना इलाके के गांव कुचेरा के पास हुआ। कार बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्?डे में जा गिरी। मौके पर जुटे लोगों की मदद से पुलिस ने कार का दरवाजा काटकर घायलों को निकाला और कुचेरा सीएचसी पहुंचाया पहुंचाया। जहां दादा-पोते के मृत घोषित कर दिया गया और महिला को जोधपुर रेफर कर दिया गया। कुचेरा थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया- सफेद रंग की हुंडई कार में मेड़ता सिटी थाना इलाके के गांव देशवाल (नागौर) निवासी रतनाराम प्रजापति (65), उनकी बहू सरोज देवी (37) और सरोज का बेटा कमलेश (12) थे। सरोज का पीहर कुचेरा में है। रतनाराम बहू और पोते को कार से देशवाल से कुचेरा छोड़ने के लिए जा रहे थे। इस दौरान दोपहर 12 बजे के करीब कुचेरा के छीलरा फांटा के पास कार बेकाबू हो गई। लहराते हुए कार गड्?ढे में जाकर गिरी। हादसे में रतनाराम और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरोज घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में कार गड्?ढे में पलट गई थी। दरवाजे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। मौके पर जुटे लोगों ने दरवाजे खोलने की कोशिश की



लेकर गेट नहीं खुले। सरोज एक घंटे तक गाड़ी में फंसी रही। बाद में पास से कटर मंगवाकर दरवाजा काटकर तीनों को निकाला गया। पुलिस ने कार का दरवाजा काटकर शवों को निकाला। घायल सरोज को कुचेरा सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया। पुलिस ने बताया- देशवाल से कुचेरा की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है। देशवाल से कार लेकर निकले रतनाराम कुचेरा के नजदीक पहुंच गए थे। इस दौरान हादसा हो गया। रतनाराम प्रजापति पुत्र कुशनाराम निवासी देशवाल और कमलेश पुत्र पप्पूराम प्रजापत निवासी देशवाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरोज प%ी पप्पूराम की हालत गंभीर है। उपचार जारी है। शव को कुचेरा सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

## अवैध बजरी से भरे 4 डंपर, 6 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, 10 ड्राइवरों को किया गिरफ्तार

**बाड़मेर**

बालोतरा जिले में लूनी नदी में चल रही बजरी के अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला स्पेशल टीम सहित पुलिस लगाकार कार्रवाई कर रही है। नदी में खनन करने के साथ ही अवैध परिवहन में लगे डंपर व ट्रैक्टर-टॉलियों को जब्त करने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ एमएमडीआर व चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पचपदरा, सिणधरी और जसोल के साथ डीएसटी ने बीते 24 घंटों में 4 डंपर व 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त करने के साथ 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बालोतरा जिले में पचपदरा व सिणधरी इलाके में चल रही बजरी लीज की समयावधि खत्म हो चुकी है। ऐसे में पचपदरा तहसील में बजरी का वैध खनन पूरी तरह से बंद है। वहीं सिणधरी क्षेत्र में नदी में तो वैध खनन बंद है, लेकिन स्टॉक से ट्रांजिट पास/रवन्ना देकर बजरी भरवाई जा रही है। ऐसे में लूनी नदी में वैध खनन बंद होने से अवैध माफिया खनन रहा है, जो अवैध खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपरों से बजरी का परिवहन कर रहे हैं। पचपदरा पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बजरी से भरा एक डंपर व दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर दूदवा चौकी में खड़े करवाए है। साथ ही दो डंपर जब्त कर पचपदरा थाने में खड़े करवाए। दूदवा चौकी में एक डंपर व दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। टीम ने तीनों ड्राइवर पुखराज पुत्र चौखाराम



निवासी गोल सोढ़ा, नारायण सिंह पुत्र उम्मेदसिंह व देराजराम पुत्र भारूराम निवासी खारापार को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी सुरेश कुमार के मुताबिक लूनी नदी में बजरी के अवैध खनन की लागतार मिल रही शिकायतों पर गादेसरा, दरगुड़ा, पायला कलां, सड़ा झूंड भाटाला में दबिश दी गई। इस दौरान पायला गांव में बजरी से भरे एक डपंर को रुकवाकर जांच की। ड्राइवर सुरेश कुमार पुत्र हरचंदराम विश्नोई निवासी उपरला चौहटन को गिरफ्तार किया गया। बीते 24 घंटों में जसोल में लूनी नदी से बजरी भर रहे ट्रैक्टर ड्राइवरों को पकड़ा, इस दौरान बजरी भरते चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ड्राइवर महेश पुत्र रामनाथ जोगी, बांकाराम पुत्र विरधाराम जाट, पीराम पुत्र खेताराम व भटासिंह पुत्र पोकरसिंह निवासी रामदेव कॉलोनी बालोतरा को हिरासत में लिया है।

## हिस्ट्रीशीटर की गाड़ी में तोड़फोड, मारपीट कर किया किडनैप, कैंपर में बेरहमी से मारपीट कर सड़क किनारे फेंका

**बाड़मेर**



पुरानी रंजिश के चलते 5-7 बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर युवक के साथ मारपीट कर किडनैप कर बिना नंबरी कैंपर गाड़ी में डालकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी करवाई। मामला बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थानान्तर्गत खरड़ नाडी गांव का है। करीब 2 घंटे बाद बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर के साथ मारपीट कर रामजी की गोल छोड़कर भाग गए। वहीं पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश कर रही है। बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना भी मौके पर पहुंच गए है। बदमाशों ने स्कार्पियों का पीछाकर गाड़ी में तोडफोड़ कर हिस्ट्रीशीटर के साथ मारपीट कर किडनैप किया था। पुलिस के अनुसार नेड़ी नाडी निवासी रामलाल पुत्र किशनाराम धोरीमन्ना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। शनिवार को हिस्ट्रीशीटर रामलाल स्कार्पियों गाड़ी से खरड़ नाड़ी गांव की तरफ जा रहा था। इस दौरान कैंपर गाड़ी स्कार्पियों का पीछा करने लगी। करीब 4 बजे बिना नंबरी कैंपर में सवार बदमाशों स्कार्पियों गाड़ी को रुकवाकर उसके साथ मारपीट की। फिर हिस्ट्रीशीटर को जबरदस्ती गाड़ी में डालकर लेकर भाग गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जिले भर में हथियारबद्ध नाकाबंदी करवाई। पुलिस को सूचना मिली कि बदमाश गुड़ामालानी की तरफ लेकर भागे। पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी करवाई। लगातार पुलिस का पीछा देखकर बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर के साथ मारपीट कर रामजी की गोल में छोड़कर भाग गए। गुड़ामालानी थानाधिकारी मुक्ता पारीक ने हिस्ट्रीशीटर को दस्तयाब कर लिया है। वहीं पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश कर रही है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर रामलाल पुत्र किशनाराम जेल में था। एक-दो दिन पहले छुटकर बाहर आया था। हिस्ट्रीशीटर ने जेल से बाहर आते ही एक गाड़ी में तोड़फोड़ की थी। इसके खिलाफ कल रात को एक मुकदमा दर्ज हुआ था। दिनेश और उसके साथी हिस्ट्रीशीटर को किडनैप किया था। फिलहाल रामलाल को दस्तयाब कर लिया है। वहीं एक-दो को डिटेंन किया है। फिलहाल शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। कैंपर में सवार बदमाशों ने स्कार्पियों का पीछा किया। स्कार्पियों गाड़ी में तोड़फोड़ की, वहीं हिस्ट्रीशीटर के साथ मारपीट कर उसका कीडनैप किया। करीब 2 घंटे तक मारपीट करने के बाद उसे रामजी की गोल छोड़कर फरार हो गए।

## अर्धनग्न कर पीटा, पैर बांधकर बाल काटे, पेशाब पिलाया, शराब के लिए पैसे नहीं देने पर की मारपीट

**बाड़मेर**

दोस्त की शादी में गए 24 साल के युवक से बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप है कि उसके साथ अमानवीयता भी की गई। लड़के के बाल काटे गए, प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाली और पेशाब पिलाया। आरोपियों ने पिटाई का वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया। युवक ने 8 नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। घटना बाड़मेर के बिजराड़ थाना इलाके के एक गांव में 9 मई की रात हुई। बीजराड़ थानाधिकारी हनुमानराम ने बताया- युवक के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित का मेडिकल करवा दिया है। जानकारी के अनुसार युवक बाड़मेर जिले के धनऊ थाना इलाके की एक ढाणी का रहने वाला है। वह जोधपुर में कपड़े की दुकान पर काम करता है। 9 मई को उसके दोस्त की शादी थी। शादी अटैंड करने के लिए युवक जोधपुर से 7 मई को अपने गांव आ गया था। 9 मई की शाम 7 बजे वह अपने गांव से बीजराड़ थाना इलाके के गांव समेलो का तला बस से पहुंचा। बस से उतरकर वह दोस्त के घर की ओर चला। रास्ते में 8-10 लोग शराब पी रहे थे। बीजराड़ थाने में दी गई रिपोर्ट में पीड़ित युवक ने आरोप लगाया- समेलो का तला गांव के सर्किल पर मौजूद हुकाराम पुत्र अर्जनराम, शंकराराम पुत्र आसाराम, गेनाराम पुत्र जयाराम, नाजाराम पुत्र जेताराम, दीपाराम पुत्र धनाराम, कृष्णराम पुत्र जेमलराम, जयराम पुत्र अमेदाराम, केवलाराम पुत्र रुघाराम शराब पी रहे थे। मुझे देखकर उन्होंने गालियां दीं। शराब के पैसे मांगने लगे। विरोध किया तो पकड़ कर आधा किलोमीटर दूर सुनसान में ले गए और अर्धनग्न कर लात-घूंसों, डंडों से मारपीट की। प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाली। पेशाब भी पिलाया। जेब से 7



हजार रुपए छीन लिए। कैंची से मेरे बाल काट दिए। इस दौरान उन्हीं से एक ने वीडियो बना लिए। गांव वालों ने बीच-बचाव कर जान बचाई। पीड़ित युवक को बेहोशी की हालत में गुरुवार 9 मई की रात मिठड़ाऊ हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। दूसरे दिन शुक्रवार 10 मई को परिजनों के साथ बीजराड़ थाने पहुंचकर युवक ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बीजराड़ थानाधिकारी हनुमानराम ने बताया- पुलिस ने 10 मई को रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। युवक का इलाज बाड़मेर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पीड़ित युवक पर आरोप लग रहे हैं कि वह समेलो का तला गांव में किसी लड़की के घर में घुसा था। परिजनों ने देखकर उसके साथ मारपीट की। हालांकि युवक और उसके परिजनों ने इस बात को नकार दिया है। पीड़ित का कहना है कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। आरोपी झूठी बातें बना रहे हैं। मामला तब गरमाया जब आरोपियों ने पीड़ित युवक की मारपीट और बाल काटने का वीडियो 10 मई को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिए।

## पत्थरों से कुचलकर युवक की हत्या, खाली प्लाट में मिला शव, मौके पर पहुंचे एसपी

**गंगापुर सिटी**

शहर के एक खाली प्लाट में शनिवार सुबह एक युवक का शव मिला। मृतक का चेहरा और सिर पत्थरों से कुचला हुआ था और पत्थरों से सिर कुचलने के दौरान खून के छींटे दीवार पर भी पड़े मिले। घटना की सूचना पर तीन थानों के थानाधिकारी सहित एएसपी और एसपी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। शव को गंगापुर सिटी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। वहीं, मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या होने का आरोप लगाया। घटना गंगापुर सिटी जयपुर हाईवे पर एक निजी अस्पताल के पास खाली प्लाट की है। एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे पुलिस को खाली प्लाट में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। जिस पर मैं, अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा, सदर थाना अधिकारी पन्नालाल, कोतवाली थाना अधिकारी जितेंद्र और उदेई मोड़ थाना अधिकारी नरेश पोसवाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पुलिस को एक युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मौके पर ही एक बाइक भी खड़ी हुई थी और शव के पास एक लोहे की नुकीली छड़ भी पड़ी हुई थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पिटल लेकर आई और शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अंकित उर्फ नीलू मीणा (27) पुत्र रामबाबू मीणा हाल निवासी सालोदा जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी और गांव बिनेगा के रूप में हुई है। मृतक के चेहरे और सिर पर पत्थरों से कुचलने के निशान हैं। खून के छींटे दीवार पर भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला लग रहा है। एसएफएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरे और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के पिता रामबाबू मीणा ने बेटे की हालत को देखकर हत्या का आरोप लगाया। पिता का कहना था कि शुक्रवार रात करीब 8:00 बजे अंकित से उनकी फोन पर बात हुई थी और फोन पर बात होने के बाद उन्होंने अंकित के मोबाइल पर 160 रुपए भी डाले थे। परिजनों ने पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई से इनकार कर दिया, लेकिन? फिर पुलिस की ओर से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन मिलने पर वे पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के लिए राजी हो गए। इसके बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता रामबाबू ने बताया कि अंकित चार भाइयों में सबसे छोटा था। अंकित से तीन बड़े भाई हैं। इनमें सबसे बड़ा आशीष, दूसरे नंबर का भवानी और तीसरे नंबर का अजय, अंकित सबसे छोटा चौथे नंबर का था। वह अपने बड़े भाई की फर्नीचर की दुकान में सेल्समैन का काम करता था। उन्होंने बताया कि अंकित की शादी हो चुकी है और अंकित के एक 7 साल का बेटा और 3 साल की बेटी है। पिता ने कहा कि अंकित की मौत से दोनों बच्चों के सिर से पिता का हाथ हट गया।

**अब जबकि तीन चरण के चुनाव हो चुके हैं और एक दिन बाद 13 मई को चौथे चरण के चुनाव होने हैं, इस बीच दो मुद्दे मुस्लिम समाज से जुड़े हुए सामने आए हैं। आत्ममंथन और आबादी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मीडिया समूह को दिए साक्षात्कार के दौरान मुस्लिम समाज से भावुक अपील की है कि वे आत्ममंथन करें कि अब तक जिन दलों ने उन्हें वोट बैंक बनाए रखा है, उन्होंने उनकी समग्र प्रगति के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुस्लिम समाज दुनिया में बदल रहा है। यह बदलाव सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन आदि देशों में साफ दिखाई पड़ता है। खाड़ी के देशों में योग की ओर मुसलमानों का आकर्षण है, वे योग करते हैं, योग सिखने भारत आते हैं लेकिन भारतीय मुसलमानों ने योग को ही इस्लाम विरुद्ध मान लिया। सऊदी अरब में योग सरकारी सिलेबस का विषय है। जो विषय दुनिया के मुसलमानों के लिए इस्लाम विरोधी नहीं होता, जिसे वे अपनाते हैं, वही विषय भारत के मुसलमानों के लिए इस्लाम विरोधी क्यों हो जाता है? उन्हें समय के साथ बदलने से कौन विमुख रख रहा है? आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिन्दू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिन्ताजनक और विस्फोटक हो सकता है! खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती हो सकती है। दोनों विषयों-वोट बैंक नैरेटिव और आबादी विस्फोट का राजनीतिक आंकलन करता आजकल का यह अंक...**

# समग्रता में 'आत्ममंथन' की जरूरत



**विश्लेषण**
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**प्रधानमंत्री मोदी ने देश के मुसलमानों से सीधे तौर पर संवाद कर आत्ममंथन की अपील की है। मुस्लिमों का दूसरा मुद्दा आबादी से जुड़ा है। 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिन्दू आबादी 84.68 फीसदी से घटकर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 फीसदी से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिन्दू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। प्रधानमंत्री ने 'आत्मचिंतन' की नसीहत इसलिए दी है, ताकि मुसलमान सोच सकें कि जिन्होंने उन्हें वोट बैंक बनाए रखा, उन्होंने आखिर क्या दिया है? मुसलमानों को क्या फायदे मिले हैं?**

आज हमारे सामने दो मुद्दे हैं। दोनों में मुस्लिम साझा बिन्दु हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार देश के मुसलमानों से ऐसी अपील की है, जो भावुक लगती है। दूसरा मुद्दा हिन्दू-मुसलमान की आबादी से जुड़ा है। फिलहाल भारत की जनसंख्या करीब 144 करोड़ है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना वैश्विक महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुज़र चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिन्दू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी। मुसलमानों की बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिन्दुओं की बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी। यानी हिन्दुओं की तुलना में मुसलमान ज्यादा बढ़ रहे थे। आज़ादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! गौरतलब है कि 1951 से आज तक मुसलमानों की आबादी एक बार भी नहीं घटी, लगातार बढ़ती रही है। अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिये चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी, पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। देश का एक तबका रपट को 'फर्जी' क्यों करार दे रहा है?

## बहुसंख्यक आबादी घटी

रपट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिन्दू आबादी 84.68 फीसदी से घटकर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 फीसदी से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिन्दू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिन्ताजनक और विस्फोटक हो सकता है! भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दोफाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिन्दू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्पसंख्यक हो गए हैं। मलेशिया में भी मुसलमान सबसे ज्यादा तादाद में नहीं थे। रपट में भारत में मुसलमान आबादी के जो आंकड़े दिए गए हैं, उनमें वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। 65 साल की मुस्लिम आबादी में रोहिंग्या भी शामिल नहीं हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रपट के मुताबिक, हिन्दुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा, सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुसलमान ही अल्पसंख्यक के तमाम फायदे उठाते रहे हैं।

## खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती

मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, इसके बुनियादी कारण बांग्लादेश से घुसपैठ, धर्मान्तरण, मुस्लिम नेताओं, धर्मगुरुओं द्वारा ज्यादा बच्चे पैदा करने के आह्वान, 2011 तक ज्यादा प्रजनन दर, अशिक्षा, अज्ञानता आदि हैं। यह बढ़ोतरी देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। देश के संसाधन कम पड़ सकते हैं। पहले घुसपैठ बांग्लादेश से अधिक हुई, क्योंकि 1971 में पाकिस्तान विभाजन के साथ युद्ध भी हुआ। लोग बांग्लादेश से भाग कर भारत में आए। संघ-भाजपा 2 करोड़ से अधिक ऐसे घुसपैठिए मानते रहे हैं। जब म्यांमार से पलायन शुरू हुआ, तो रोहिंग्या मुसलमानों ने भारत में घुसपैठ की। म्यांमार के बाद भारत में हिन्दुओं की आबादी में सर्वाधिक गिरावट हुई है। नेपाल भी बुनियादी तौर पर हिन्दू राष्ट्र है, लेकिन उसकी भी हिन्दू आबादी 3 फीसदी घटी है। रपट के मुताबिक, नेपाल में 84 फीसदी हिन्दू थे, लेकिन 1950-2015 के दौरान 81 फीसदी रह गए। रपट बताती है कि दुनिया में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी 22 फीसदी घटी है। दुनिया में जिन देशों में हिन्दू और बौद्ध समुदायों की संख्या अच्छी-खासी थी, वह आबादी घट रही है। पाकिस्तान में करीब 80 फीसदी हिन्दू घटे हैं और बांग्लादेश में यह गिरावट करीब 66 फीसदी है। यह बेहद महत्वपूर्ण सवाल है कि आखिर हिन्दू आबादी लगातार कम क्यों होती जा रही है?



## रिपोर्ट पर भी सवाल

सवाल समुदाय के लोगों की प्रजनन दर का भी है। दशकों तक मुसलमानों की औसत प्रजनन-दर 4-6 फीसदी रही, लेकिन अब 2021 वाले दौर में यह घटकर 2.36 फीसदी हो गई है। यह प्रजनन-दर हिन्दुओं में औसतन 1.94 फीसदी है। यह जनसंख्या-विस्फोट की स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी जनसंख्या संबंधी कानून के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन एक सीमा के बाद उसे देश और समाज के विकास में रोड़ा भी मानते हैं। बहरहाल आबादी का यह असंतुलन इसी गति से जारी रहा, तो कई संकट उभर सकते हैं। चिंताजनक पहलू यह भी है कि भारत को किन राजनीतिक दलों की सरकारों ने घुसपैठियों की धर्मशाला बना दिया? आम चुनाव के दौरान सवाल तो इस रपट पर भी किए जा रहे हैं कि 2015 तक की रपट 2024 में सार्वजनिक क्यों की गई है? 2011 तक के अधिकृत आंकड़े तो देश के पास उपलब्ध हैं। मात्र 4 साल के अंतराल में जनसंख्या में कितने बदलाव हुए, यह आज 2024 में क्यों प्रासंगिक है? क्या आम चुनाव है, इसलिए राजनीतिक सवाल उठाए जा रहे हैं?

## अपील भी नसीहत भी

बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ टीवी चैनलों को साक्षात्कार दिए थे। उनमें उन्होंने मुसलमानों को 'आत्मचिन्तन' करने की अपील भी की है और नसीहत भी दी है। यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम समाज से सीधे संवाद किया है और उन्हें आत्मचिंतन करने की बात कही है कि अब तक कौन लोग, कौन दल रहे हैं, जो उन्हें केवल वोट बैंक मानते रहे हैं, उन्हें वे पहचानें। प्रधानमंत्री ने किसी पार्टी का वोट बैंक या बंधक बनने के बजाय खुले दिमाग से सोचने की नसीहत दी है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि एक सीधी लकीर की तरह वोट देना और वह भी हिन्दू-विरोध के नाम पर भाजपा जैसे राष्ट्रवादी दलों के खिलाफ मुसलमानों का वोट करना एक पूर्वाग्रही ट्रेंड है। प्रधानमंत्री का आशय इस ट्रेंड को बदलने की जरूरत से है। मुस्लिम वोट बैंक बन कर न रह जाएं, विवेक से मतदान का निर्णय करेंगे, तो न ही कोई उन्हें वोट बैंक जैसा व्यवहार करेगा, न ही उन्हें कोई छद्म डर से डरा सकेगा। यह समय मुस्लिम वोट बैंक की तुष्टिकरण राजनीति करने वालों की पहचान करने का है और जो डर उनके मन में बिठाया गया है, उससे बाहर निकलने का है। अच्छी तादाद में मुसलमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में भी भाजपा को वोट देते थे और आज प्रधानमंत्री मोदी के सूत्रवाक्य-'सबका साथ, सबका विकास...'का समर्थन करते हुए 12-15 फीसदी मुसलमान भाजपा के पक्ष में वोट कर रहे हैं। यकीनन देश की आज़ादी के बाद कांग्रेस अधिकांश समय सत्तारूढ़ रही। 1951 से 1975 तक तो कांग्रेस को कोई चुनौती ही नहीं थी, लिहाजा उसने अपनी चुनावी रणनीति के तहत मुसलमानों को 'वोट बैंक' की तरह बांधे रखा और दलितों, आदिवासियों, कुछ पिछड़ी जातियों में भी कांग्रेस के जनाधार बनाए। हालांकि केंद्र में वाजपेयी सरकार के 6 साल और मोदी सरकार के 10 साल के अलावा या तो कांग्रेस सत्ता में रही है अथवा बाहरी समर्थन से लड़खड़ाती सरकारें बनवाई हैं। जब कांग्रेस से अलग होकर या उसका विरोध करते हुए क्षेत्रीय दलों के उभार का दौर आया, तो मुसलमान सपा, बसपा, राजद और तृणमूल कांग्रेस की ओर भी ध्रुवीकृत हुए।

## आंकलन वक्ती जरूरत

प्रधानमंत्री ने 'आत्मचिंतन' की नसीहत इसलिए दी है, ताकि मुसलमान सोच सकें कि जिन्होंने उन्हें वोट बैंक बनाए रखा, उन्होंने आखिर क्या दिया है? मुसलमानों को क्या फायदे मिले हैं? किसी प्रधानमंत्री ने शायद यह भी पहली बार कहा है कि यदि एक सांप्रदायिक वृत्तांत गढ़ने की कोशिश न की जाती और मुसलमानों के रहनुमा बनकर अपने खेमे में बांधे रखने की सियासत नहीं की गई होती, तो दौर उतने भयावह न होते! मुलायम सिंह को 'रामसेवकों' पर गोलियों की बौछार न करनी पड़ती! प्रधानमंत्री ने तीन तलाक से लेकर शाहबानों के संदर्भ भी उठाए। 'सच्चर कमेटी' के निष्कर्षों का भी जिक्र किया। सवाल नहीं, यह हकीकत है कि औसत मुस्लिमों को गरीबी, अशिक्षा, बदहाली और भुखमरी ही मिली। अब इस चुनाव में मुस्लिम आरक्षण के जरिये वोट बैंक को भुनाने की सियासी कवायद जारी है, जिसके पलट जवाब में प्रधानमंत्री मोदी को अपने दलित, आदिवासी और ओबीसी समर्थक जमातों को विश्वास दिलाना पड़ रहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होगा। सारांश यह है कि मौजूदा दौर में मुस्लिमों को अपनी स्थिति के बारे में सही मायने में 'आत्ममंथन' करने की जरूरत है।

# क्या मुस्लिम समाज आत्मचिंतन करेंगे?



**दो टूक**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुसलमानों से अपने राजनीतिक-सामाजिक व्यवहार पर आत्ममंथन करने की अपील पर गंभीर बहस होनी चाहिए। यह बात सही है कि लोकसभा चुनाव के बीच इस तरह की अपील के राजनीतिक मायने निकाले जाएंगे और निकाले जा भी रहे हैं। भाजपा विरोधी यह कहकर हमला कर रहे हैं कि अपनी हार की डर से घबराकर मोदी ने मुसलमानों के सामने अपील की है । प्रधानमंत्री मोदी की छवि को विरोधियों ने ऐसे मुस्लिम विरोधी नेता की बनाने की कोशिश की है, जहां तनिक भी बाएं-दाएं दिखने पर उनकी ऐसी ही प्रतिक्रिया आती है। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के भारतीय मुसलमानों पर दिए गए वक्तव्य को किस रूप में देखा जाए? यह सच है जैसा प्रधानमंत्री ने स्वयं कहा है कि मैंने पहले कभी इन विषयों पर बातचीत नहीं की। मुसलमानों को लेकर सबसे ज्यादा आरोप प्रधानमंत्री मोदी पर ही लगाए गए। अपने मुख्यमंत्रीत्वकाल के आरंभ में अवश्य उन्होंने अपना पक्ष रखने की कोशिश की, लेकिन बदलाव न दिखने पर इस विषय पर बोलना ही बंद कर दिया। यह भी सच है कि उन्होंने पहली बार मुसलमानों से आत्ममंथन करने को कहा है। तो आखिर क्यों?

## जनमत को विकृत किया

एक मीडिया समूह को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि आप यदि यह सोचते रहेंगे कि सत्ता में किसे बिठाएंगे और किसे उतारेंगे, उससे अपने बच्चों का भविष्य ही खराब करेंगे। कोई चाहे इसे किस रूप में भी देखें स्वतंत्रता के बाद से पहले कांग्रेस और बाद में ज्यादातर पार्टियों ने वोट के लिए मुसलमानों के बीच जनमत को विकृत किया। दुर्भाग्य से मुसलमान समाज के पढ़े-लिखे लोगों में से बड़े वर्ग ने कभी इसका मूल्यांकन नहीं किया कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस और उसके बाद अन्य कई पार्टियों ने उनके अंदर डर पैदा कर वोट तो लिया पर उनके उत्थान, वास्तविक कल्याण या विकास के लिए जो करना चाहिए वह नहीं किया गया। ऐसे- ऐसे मुद्दे पार्टियों और सरकारों ने उठाए और उन पर काम किया जो भावनात्मक रूप से उनको छूते थे या उनके समाज में यथास्थिति को बनाए रखने वाले थे, जो उनके सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक विकास में बाधक थे और मजहबी रूप से सच नहीं। इस चुनाव में भी लगभग यही हो रहा है। मुसलमानों के अंदर यह भय पैदा किया जा चुका है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में लौटी तो भारत में इस्लाम के लिए कयामत आ जाएगी, वो अपनी इच्छा अनुसार इस्लामी मजहब का पालन भी नहीं कर सकेंगे। यह पहला चुनाव है जहां मुसलमानों के अगुवा माने जाने वाले व्यक्तियों के बड़े समूह ने भाजपा को वोट न देने को दीन और ईमान का विषय बना दिया है। अगर समुदाय का बहुमत इस रूप में सोचता है कि एक पार्टी को सत्ता से हटाना ही इसका मुख्य कर्तव्य है और इसी में उसकी ऊर्जा और परिश्रम लग रहा है तो किसी का हित नहीं होगा। तो फिर?

## आरोपों पर भी बातचीत

प्रधानमंत्री ने मुस्लिम विरोधी होने के आरोप पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि न हम इस्लाम के विरोधी हैं और न मुसलमान के। हमारा ये काम ही नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि मुसलमान इस पर विचार करें कि सरकारी व्यवस्थाओं का लाभ उन्हें कांग्रेस के शासनकाल में क्यों नहीं मिला? अगर लाभ मिला होता तो मनमोहन सिंह के नेतृत्व में चलने वाली यूपीए



सरकार को सच्चर समिति के माध्यम से मुसलमानों के हर क्षेत्र में पिछड़े होने की रिपोर्ट सामने नहीं लानी पड़ती। हालांकि सच्चर रिपोर्ट अतिवाद से भरी थी तथा तथ्यों के नाम से सामने रखे गए अनेक बिंदु विचारों और कल्पनाओं वाले थे। इसके बावजूद वह बताती थी कि उस समय तक की सरकारों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया या मुसलमान स्वयं उनके मतदाता के रूप में इस्तेमाल हुए, न उनका समुचित सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक विकास हुआ न राजनीति के क्षेत्र में भी उस स्थान तक पहुंचे जहां उन्हें पहुंचना चाहिए था। भारतीय मुसलमानों के अगुवा वर्ग का एप्रोच सही होता तो उनकी मानसिकता बदलती और नरेंद्र मोदी सरकार दुश्मन नहीं नजर आती। इस सरकार के कार्यकाल में पंथ, मजहब, जाति या रंग के आधार पर सरकारी नीतियों में किसी तरह के भेदभाव का एक भी प्रमाण नहीं है। सच यह है कि भारतीय मुसलमानों को हिंदुओं की तुलना में आबादी के प्रतिशत से ज्यादा लाभ सरकार की योजनाओं का मिला है।

## साफ दिख रहा बदलाव

जो विषय दुनिया के मुसलमानों के लिए इस्लाम विरोधी नहीं होता, जिसे वे अपनाते हैं वही विषय भारत के मुसलमानों के लिए इस्लाम विरोधी हो जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुसलमान समाज दुनिया में बदल रहा है। यह बदलाव सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन आदि देशों में साफ दिखाई पड़ता है। ज्यादातर देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया है। जब नैरेटिव में फंसकर मानकर चलेंगे कि यह नेता और इसकी सरकार या पार्टी और संगठन परिवार मुस्लिम विरोधी ही है तो आप अपने संकुचित परिधि से बाहर नहीं निकल सकते। खाड़ी के देशों में योग की ओर मुसलमानों का आकर्षण है, वे योग करते हैं, योग सिखने भारत आते हैं लेकिन भारतीय मुसलमानों ने योग को ही इस्लाम विरुद्ध मान लिया। सऊदी अरब में योग सरकारी सिलेबस का विषय है। ऐसी अनेक बातें हैं जिनमें भारतीय मुसलमान के व्यवहार को देखकर हैरत होती है। उदाहरण के लिए एक साथ तीन तलाक का इस्लाम मजहब में कहीं स्थान नहीं है। शरीयत के अनुसार चलने वाले शासन के मुल्कों में भी अनेक ऐसे हैं जिन्होंने एक साथ तीन तलाक को गैर इस्लामी घोषित किया हुआ है। मोदी सरकार ने इसके विरुद्ध कानून पारित किया और यह सही था, पर इसे मजहब के विरुद्ध घोषित कर आज भी मुसलमान के बड़े चेहरे आग उगलते रहते हैं। अनुच्छेद 370 का इस्लाम से क्या लेना देना था? जम्मू कश्मीर तो छोड़िए देशभर के मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग इसे लेकर छाती पीट रहा है। गोहत्या निषेध मुसलमान के विरुद्ध कदम कैसे हो गया? समान नागरिक संहिता में किसी मजहबी कर्मकांड पर रोक नहीं है। लंबे समय से मुसलमानों के दिमाग में बिठा दिया गया कि समान नागरिक संहिता इस्लाम के विरुद्ध है।

## समझने की जरूरत

इस तरह के नैरेटिव से मुस्लिम समाज को बाहर आने की आवश्यकता है। क्या प्रधानमंत्री की अपील के बावजूद ऐसा लगता है कि भारतीय मुसलमान आत्ममंथन करेंगे और उन्हें वोट के रूप में देखने वाली पार्टियां ऐसा करने देंगी? इसकी उम्मीद कम है पर,मुसलमानों को यह समझना चाहिए कि हमारे देश के बेईमान और पाखंडी नेताओं ने वोट के लिए सीधा अप्रोच यही बनाया कि उनके समाज के दोषों को दूर करने या उन्हें मुख्यधारा में लाने की जगह जहां जैसे हैं वैसे ही छोड़ दो और उनके हितैषी होने का प्रदर्शन करते रहो। बस रोजा के समय बड़ी इफ्तार पार्टियां दे दो, बड़े मुस्लिम चेहरों द्वारा आयोजित इफ्तार में शामिल हो जाओ आदि। इस तरह के तुष्टिकरण से ही आज तक उनका काम चल गया। क्या कभी मुसलमानों ने यह सोचा है कि इस तरह के व्यवहार से उन्हें प्राप्त क्या हुआ? कोई आपके लिए इफ्तार पार्टी न दे, आपके साथ नमाज अदा करने का नाटक न करे, आपकी टोपी न पहने, लेकिन आपके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था करे, गरीब मुसलमानों के लिए उचित आवास दे, उनके घरों में बिजली और पानी पहुंचाए तो क्या उसे मुस्लिम विरोधी सरकार कहा जाएगा? नरेंद्र मोदी सरकार यही तो कर रही है। इसलिए मोदी ने जो कहा है उसे आम मुसलमान सकारात्मक दृष्टि से लें।

# देश की एकता के लिए हो राजनीति



**दरकार**
सुरेश हिंदुस्थानी
राजनीतिक विश्लेषक

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की तारतम्यता यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं। भारत में जिस सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किए गए, जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार के सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारतीय जनमानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

## नफ़रत की दरार

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया, जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। जरूरत है हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा।

## ऐसे बयान ही क्यों

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निस्संदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के



वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत ख़ास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज़ अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है।

## पराजय का बोध नहीं

राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं, इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का प्रयास करते हैं।

## सफाई देने की स्थिति में नहीं

कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं, इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

# पाकिस्तान बम बेचने के लिए खरीदार तलाश रहा, पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भाजपा ने देशहित को सर्वोपरि रखा

पीएम मोदी ने शनिवार को ओडिशा के कंधमाल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और उनके नेता मणिशंकर अय्यर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पोखरण के परमाणु परीक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। भाजपा देश की सुरक्षा के लिए संकल्पित

## मणिशंकर के परमाणु बम वाले बयान पर पीएम की दो टूक

एजेंसी ▶▶ कंधमाल

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के कंधमाल में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और उनके नेता मणिशंकर अय्यर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पोखरण के परमाणु परीक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन वाजपेयी सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और हमने ये दिखा दिया था कि देशभक्ति से ओत-प्रोत सरकार देशहित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश के लोगों को आशा-अपेक्षा के लिए कैसे काम करती है। भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य से परिचित कराया था।

कांग्रेस बार-बार देश को डराने की कोशिश करती है।वह कहती है कि 'संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें नहीं पता कि इसे कैसे रखा जाए और वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं। कोई भी उन्हें खरीदना नहीं चाहता, क्योंकि लोग उनकी गुणवत्ता के बारे में जानते हैं।

**संभल कर चलो पाकिस्तान के पास एटम बम है...**

### कांग्रेस ने आतंक के सरपरस्तों पर कार्रवाई नहीं की

कांग्रेस के इसी कमजोर रवैये के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक भुगता है। देश ने कितने आतंकी हमले झेले हैं। देश भूल नहीं सकता कि आतंकियों को सबक सिखाने के बजाए ये लोग आतंकी संगठनों के साथ बैठकें करते थे। 26/11 के मुंबई हमले के बाद इन लोगों की हिम्मत नहीं पड़ी कि आतंक के सरपरस्तों पर कार्रवाई करें।



### 'विकास भी और विरासत भी' हमारा मंत्र

उन्होंने कहा कि भाजपा 'विकास भी और विरासत भी' के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। भाजपा सरकार में देश का 500 साल का इंतजार पूरा हुआ। राम मंदिर का निर्माण हुआ। यहां राज्य भाजपा भी उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति के प्रति समर्पित है। ऐसा कोई बेटा या बेटी जो ओडिशा की मिट्टी से निकला हो, यहां की संस्कृति को समझता है, उसका भाजपा का मुख्यमंत्री बनना तय है। 7 दशक पहले श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रबंधन के लिए नियम बनाए गए थे। मंदिर के सोना चांदी, सारी चल-अचल संपत्ति का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा।

**कांग्रेस को शहजादे की उम्र जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 25 सालों में ओडिशा को बीजेडी की सरकार गरीबी से बाहर नहीं निकाल पाई और इसीलिए राज्य के लोगों में बीजू जनता दल के खिलफ बहुत गुस्सा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन सरकार बनाने का दावा कर रही हैं। इनको नहीं मालूम कि कांग्रेस को उनके शहजादे की उम्र के बराबर भी लोकसभा सीटें नहीं मिलने वाली हैं।


**आपका हर वोट समृद्ध भारत के लिए अहम**

पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा में कहा कि यह चुनाव ओडिशा के लोगों के लिए बहुत खास महत्व रखता है। आपका हर वोट ओडिशा के विकास और समृद्ध भारत के लिए महत्वपूर्ण है। आपका एक वोट भाजपा सरकार को सक्षम बनाएगा।



**आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर भड़के राहुल गांधी**


### वाईएसआरसीपी, टीडीपी और जनसेना भाजपा की बी-टीम



कडप्पा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आंध्र प्रदेश के कडप्पा में चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना संस्थापक पवन कल्याण) है। रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं का रिमोर्ट कंट्रोल पीएम मोदी के पास है।

**प्रियंका ने पीएम मोदी पर किया हमला**

### राजनीति का इस्तेमाल केवल सत्ता हासिल करने के लिए कर रहे



नंदूरबार। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी के चुनावी भाषणों को खोखली बातें करार दिया और आरोप लगाया कि वे राजनीति का इस्तेमाल केवल सत्ता हासिल करने के लिए कर रहे हैं, न कि लोगों की सेवा के लिए। वे कांग्रेस उम्मीदवार गोवाल पाडवी के समर्थन में यहां एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मुझे पीएम मोदी की किसी आदिवासी के घर जाकर उनकी समस्याएं समझने की एक तस्वीर दिखाइए। आपकी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करना राजनीतिक नेताओं का कर्तव्य है।

## आतंकवाद के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा रहा नरम

**अचानक आंध्र प्रदेश भवन पहुंचीं सीतारमण**



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में आंध्र प्रदेश भवन का दौरा किया। सीतारमण ने लोगों से बातचीत की। वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही हैं। इससे पहले आज कांग्रेस पर निशाना साधते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा था,आपने कांग्रेस के दस साल के शासनकाल में देखा कि कैसे आतंकी हमलों को बर्दाश्त किया जाता था, उचित जवाब नहीं दिया जाता था। वे पाकिस्तान को डोजियर भेजने में विश्वास करते थे। आतंकवाद के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया और दृष्टिकोण हमेशा कमजोर और नरम रहा है। इस दौरान कई चुनावी मुद्दों पर चर्चा की।

**लालू-तेजस्वी की गैरहाजिरी में इंडी गठबंधन की प्रेसवार्ता**


## खरगे बोले- मोदी के लिए सरकार बना पाना अत्यंत मुश्किल




पटना। बिहार में इंडी एलायंस के बैनर तले पटना में जुटान हुआ। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह और कांग्रेस के वरीय नेता अजीत शर्मा ने पटना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। होटल मौर्या में प्रेस वार्ता आयोजन किया गया। राष्ट्रीय जनता दल की ओर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और बेटे तेजस्वी यादव नहीं शामिल हुए। राजद से मनोज झा और वामदल से दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस की वरीय नेत्री मीरा कुमार समेत कई दिग्गज शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के खरगे ने पीएम मोदी और एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला।

**राणा ने ओवैसी पर साधा निशाना**

### सुन लो...राम भक्त हर जगह हैं



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार नवनीत राणा ने एक बार एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा है। राणा ने एक चुनावी सभा के दौरान कहा कि मैं ओवैसी को चुनौती देती हूं कि जब मैं हैदराबाद आऊं तो वो मुझे रोक कर दिखाएं। राणा ने कहा कि आज देश भर में हर जगह राम भक्त घूम रहे हैं। बता दें कि नवनीत राणा का बयान ओवैसी के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने अपने छोटे भाई को तोप बताया था।

**खबर संक्षेप**

### 'बहुसंख्यक आबादी घटी' बेखौफ रहें अल्पसंख्यक

नई दिल्ली। देशभर में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।



इस रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का कहना है कि देश में अल्पसंख्यकों को चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। वह भी तब जब, उनकी आबादी में 43.15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है और वे भी सरकार की योजनाओं का लाभ समान रूप से लाभ ले रहे हैं।

### दूल्हे के फूफा ने चढ़ा दी बारातियों पर कार


बदायूं। यहां के उझानी में बरात चढ़त के दौरान रिश्तेदार से कहासुनी के बाद दूल्हे का फूफा



गुस्सा हो गया। उसने बरातियों पर कार चढ़ा दी। बरात में शामिल बच्चों समेत 11 लोग घायल हो गए। बरातियों की भीड़ ने कार घेरने की कोशिश की तो वह हाईवे की ओर कार दौड़ा ले गया। घटना से काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। परिजन ने घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया।

### शिमला में बारिश, 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

शिमला। राजधानी शिमला में झमाझम बारिश दर्ज की गई। दोपहर करीब 2:30 के बाद शहर में कुछ



देर के लिए मूसलाधार बारिश हुई। प्रदेश के अन्य कई भागों में भी मौसम खराब है। प्रदेश के 8 जिलों में अंधड़ चलने और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 12 व 13 मई को भी कई स्थानों पर बारिश, अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु का प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली के सीएम पर पलटवार

# केजरीवाल अब शीला,शिबू, सोनिया और लालू के 'जेल रिटर्न क्लब' में शामिल हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कथित शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से 10 मई को अंतरिम जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आ गए हैं। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए भाजपा और पीएम मोदी पर निशाना साधा।

भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि केजरीवाल की अंतरिम जमानत का मतलब है कि वह अब 'जेल रिटर्न क्लब' का हिस्सा बन गए हैं। भाजपा ने आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरावील की तुलना उन कुछ अन्य राजनेताओं से की जो जेल गए और जमानत पर बाहर आए। भाजपा ने याद दिलाया कि कैसे केजरीवाल सोनिया गांधी और दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित सहित कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयान देते थे, लेकिन अब उसी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

**ये भी बोले- अंतरिम जमानत क्या मिली? इनके तो सुर ही बदल गए**

भाजपा का दिल्ली सीएम पर बड़ा **हमला**

**वे शीला और सोनिया को जेल भेज रहे थे...**



भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केजरीवाल बाहर आ गए हैं और जश्न मना रहे हैं, लेकिन वो आखिरकार लालू प्रसाद यादव, जयललिता और शिबू सोरेन की तरह 'जेल रिटर्न क्लब' का हिस्सा बन गए हैं। जो कहते थे कि वह शीला दीक्षित और सोनिया गांधी को जेल भेजेंगे, वह अब इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, क्योंकि वे सभी (पीएम नरेंद्र) मोदी के खिलाफ हैं।

### जयललिता और करुणानिधि भी अछूते नहीं

सुधांशु ने कहा कि 1997 में बिहार के तत्कालीन सीएम लालू यादव को इसकी सदस्यता मिली थी, इसके बाद तमिलनाडु की जयललिता को 1996 में, 2000 में तमिलनाडु के करुणानिधि इस क्लब के सदस्य बने। जो शख्स शीला दीक्षित और सोनिया गांधी को जेल भेजने की बात करते थे, तिहाड़ से लौटने के बाद उनके सुर बदल गए हैं।

### केजरीवाल ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में किए दर्शन



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शनिवार को सबसे पहले परिवार और पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज और बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे।

### महरौली में किया रोड शो

केजरीवाल ने महरौली में रोड शो किया। उनके साथ सीएम भगवंत मान भी थे। रोड शो के दौरान केजरीवाल हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आ रहे थे। केजरीवाल की जेल से रिहाई के बाद यह पहला रोड शो है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा।



**अमरोहा में आफत से परिवार गमगीन**

## शादी से पहले दुल्हन की मौत बुआ भी नहीं रहीं, 2 और मरे

बग्गी चालक को भी आया हार्ट अटैक



अमरोहा। सेहरा बांधे दूल्हा बग्गी पर बैठा तथा बराती गानों की धुन पर नाच रहे थे। तभी अचानक ऐसा हुआ कि शादी की खुशी थम गई। बग्गी चालक अचानक बेहोश होकर गिर गया। अस्पताल पहुंचने से पूर्व उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने हार्टअटैक से मौत होना बताया। अमरोहा नगर के मुहल्ला बेगम सराय में बुआ-भतीजी की मौत भी हार्टअटैक से हुई है।

यासीन ने अपनी बेटी फरहीन की शादी दिल्ली में तय की थी। एक महीना बाद फरहीन की बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। शुक्रवार दोपहर फरहीन घर में प्याज काट रही थी। अचानक बेहोश हो गई। स्वजन चिकित्सक के पास ले गए तो उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सक ने मौत का कारण हार्टअटैक बताया है। सुबोधनगर कालोनी में भी युवक की मौत हुई है। हार्टअटैक से 4 मौत होने का मामला जिले में चर्चा में है।

### भतीजी के गम में फूफी की मौत

भतीजी की मौत की सूचना मिलने पर फरहीन की बुआ फूल बी नहटौर से दफीने में शामिल होने आई थीं। घर में पहुंचते ही फूल बी भी बेहोश होकर गिर पड़ीं। अभी स्वजन उन्हें चिकित्सक के पास ले जा रहे थे कि उनकी भी मौत हो गई। उधर हार्टअटैक से चौथी मौत नगर से सटे मुहल्ला सुबोधनगर कालोनी की है। यहां पर रहने वाले सौरभ शर्मा हरियाणा में एक कंपनी में नौकरी करते थे। शनिवार सुबह वह कांठ में रहने वाली अपनी बहन के घर गए थे। वहां तबीयत बिगड़ी तो स्वजन उन्हें लेकर मुरादाबाद पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने सौरभ शर्मा को हार्टअटैक के चलते मृत घोषित कर दिया। चार लोगों की मौत से लोग दहशत में हैं।

**गैंगरेप में 3 एफआईआर दर्ज**

## प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ सामने आई एक और महिला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न से जुड़ी तीसरी एफआईआर दर्ज हो गई है। एक महिला ने सीआईडी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। सूत्रों का कहना है कि महिला ने आरोप लगाया है कि प्रज्वल ने कई बार उसके साथ रेप किया।

शिकायतकर्ता एक वायरल वीडियो में भी सामने आई थी। आईपीसी की धारा 376(2)(एन), 376(2)(के), 354(ए), 354(बी), 354(सी) और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ये मामले बार-बार बलात्कार, ताक-



झांक, फिल्मांकन, यौन संबंधों की मांग, कपड़े खींचने, छेड़छाड़ और धमकी देने से संबंधित हैं। हालांकि एसआईटी ने शिकायतकर्ता महिला की पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया। विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों के अनुसार प्रज्वल के खिलाफ 8 मई को बेंगलुरु में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**दिल्ली पर आफत बन टूटा तूफान, कई जगहों पर गिरे पोस्टर**

# 3 लोगों की मौत, 23 घायल और सैकड़ों पेड़ उखड़े

### राजधानी और आसपास के शहरों में भारी नुकसान, बिजली आपूर्ति भी बाधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार की रात अचानक आई तेजी आंधी लोगों पर आफत बनकर टूटी। इसकी वजह से राजधानी और आसपास के शहरों में भारी नुकसान हुआ। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हो गए।

सैकड़ों पेड़ भी उखड़ गए। नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एलआइसी बिल्डिंग के पास लोहे की शटरिंग गिरने से चार लोग घायल हो गए। देर रात अस्पताल में एक की मौत हो गई। बाकी तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। मृतक का नाम जय गोविंद झा बताया जा रहा है।



**मौसम विभाग ने लोगों को दी सलाह**

इसके साथ ही मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि फिर आंधी की संभावना जताई है।मौसम कार्यालय के मुताबिक अगले दिन भी आंधी-तूफान के साथ बारिश की आसंका है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 से 29 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। साथ ही मौसम विभाग ने धूल भरी आंधी के मद्देनजर लोगों को घरों के अंदर ही रहने और अनावश्यक यात्रा से परहेज करने की सलाह दी है।

**द्वारका मोड़ पर गिरा साइन बोर्ड एंबुलेंस सवार दो लोग घायल**

द्वारका मोड़ इलाके में एक बड़ा 'साइन बोर्ड' गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एंबुलेंस सवार दो व्यक्ति और एक ऑटो रिक्शा चालक घायल हो गया। घटनास्थल से 'साइन बोर्ड' हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया।

**खराब मौसम के कारण 9 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा**

अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में तूफान के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने के संबंध में 202 सूचनाएं मिलीं। एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण शुक्रवार देर शाम दिल्ली हवाईअड्डे पर नौ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

# आईपीएल 2024 : अब तक 36 बार बन चुके 200+ स्कोर, इनमें से आठ बार पार हुआ 250+ का आंकड़ा

## 200+ स्कोर बनने का दर 2023 में 25.17 प्रतिशत, 2024 में बढ़कर 30.17 प्रतिशत हो चुका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2024 में रनों की बारिश हो रही है। इस साल लीग राउंड अभी खत्म नहीं हुआ है कि हजार छक्के पूरे हो चुके हैं। गेंद के हिसाब से सबसे तेज हजार छक्कों का रिकॉर्ड बना है। वहीं, औसतन हर दूसरे मैच में 200+ के स्कोर बन रहे हैं। इम्पैक्ट प्लेयर का नियम आने के बाद से 200+ के स्कोर में काफी बढ़ोतरी हुई है।

एक अतिरिक्त बल्लेबाज का हर टीम फायदा उठा रही है। उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड इस सीजन कई बार टूट चुका है। इतना ही नहीं सबसे बड़े चेज का रिकॉर्ड भी टूट गया। इसे रिकॉर्डतोड़ सीजन भी कहा जा रहा है। इसके बाद टी20 विश्व कप भी खेला जाना है। ऐसे में खिलाड़ी आईपीएल को तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।

### इम्पैक्ट प्लेयर के नियम से पड़ा असर

*इस सीजन अब तक 59 मैचों की 118 पारियों में 36 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बन चुके हैं। जो पिछले सभी सीजन को मिलाकर इतने मैचों के बाद सबसे ज्यादा हैं। पिछले साल यानी आईपीएल 2023 में 74 मैचों की 147 पारियों में 37 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने थे, जो आईपीएल के एक सीजन में 200+ के स्कोर का रिकॉर्ड है। हालांकि, इस सीजन यह रिकॉर्ड ध्वस्त होता हुआ दिख रहा है। वहीं, 2022 में 74 मैचों की 148 पारियों में 18 बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने थे। 2023 में ही इम्पैक्ट प्लेयर का नियम आईपीएल में लागू हुआ था और उसके बाद से 200+ के स्कोर में गजब की बढ़ोतरी हुई है। जहां 2022 में 200+ का स्कोर बनने का दर 12.16 प्रतिशत था, वहीं 2023 में यह बढ़कर 25.17 प्रतिशत हो गया था। इस सीजन अब तक यह बढ़कर 30.5 प्रतिशत हो चुका है।*



### इस साल आठ बार 250 का आंकड़ा पार

*आईपीएल के पहले संस्करण यानी 2008 में 11 बार 200+ के स्कोर बने थे। इसके बाद 2009 से लेकर 2017 तक यह आंकड़ा 10 बार से ऊपर नहीं गया। 2018 से 2020 तक यह आंकड़ा अधिकतम 14 बार से ऊपर नहीं गया। वहीं, 2021 में नौ ही बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बने। आईपीएल 2024 में अब तक आठ बार 250+ का स्कोर बन चुका है। वहीं, 2023 में सिर्फ एक बार 250+ रन बना था। तब लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 257 रन बनाए थे।*

### 2024 में 13 बार दोनों पारी में बने 200+ स्कोर

आईपीएल 2024 में ऐसे 13 मैच हुए हैं जब दोनों पारियों में 200-200 के स्कोर बने। यह एक रिकॉर्ड है। इससे पहले 2023 में 12 बार या 12 मैच ऐसे हुए थे जब दोनों पारियों में 200+ के स्कोर बने थे। 2022 में ऐसा पांच बार, 2008, 2010, 2018 और 2020 में ऐसा चार बार, 2014 और 2021 में ऐसा तीन बार, 2017 और 2019 में ऐसा दो बार, 2011, 2012 और 2016 में ऐसा एक बार हुआ था। 2009, 2013 और 2015 में ऐसा कोई मैच नहीं हुआ, जिसमें दोनों पारियों में 200+ के स्कोर बने हों। इन सीजन में सिर्फ एक पारी में 200+ का स्कोर बना।

### सत्र में 200+ का स्कोर

| वर्ष | 200+ | मैच | पारियां |
|---|---|---|---|
| 2024 | 36* | 59* | 118* |
| 2023 | 37 | 74 | 147 |
| 2022 | 18 | 74 | 148 |
| 2021 | 9 | 60 | 120 |
| 2020 | 13 | 60 | 120 |
| 2019 | 11 | 59 | 118 |
| 2018 | 14 | 60 | 120 |
| 2017 | 10 | 59 | 118 |
| 2016 | 6 | 60 | 120 |
| 2015 | 7 | 59 | 117 |
| 2014 | 9 | 60 | 120 |
| 2013 | 4 | 76 | 152 |
| 2012 | 5 | 74 | 148 |
| 2011 | 5 | 72 | 144 |
| 2010 | 9 | 59 | 118 |
| 2009 | 1 | 59 | 118 |
| 2008 | 11 | 58 | 116 |

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 9 | 3 | 18 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1873 चौके

1078 छक्के

### सुदर्शन ने जीता स्मिथ और मूडी का दिल



**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आक्रामक शतक लगाकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार रहे बी साई सुदर्शन ने ग्रीम स्मिथ और टॉम मूडी जैसे धुरंधरों को प्रभावित किया है। तीसरे नंबर पर उतरने वाले सुदर्शन का शुक्रवार तक स्ट्राइक रेट 131.67 था लेकिन चेन्नई के खिलाफ पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 201.96 की स्ट्राइक रेट से 51 गेंद में 103 रन बनाए। स्मिथ ने कहा, 'सुदर्शन इस सत्र में गुजरात के लिए सबसे ज्यादा रन बना चुका है। सबसे तेजी से आईपीएल में 1000 रन पूरे किए हैं। उसके बारे में और बात होनी चाहिए।'

### बल्लेबाजों को स्ट्राइक रेट सुधारने की जरूरत

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने बाबर आजम, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान जैसे अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरुप स्ट्राइक रेट बढ़ाने की सलाह दी है। यूनिस ने शुक्रवार को कराची में कहा कि खिलाड़ियों को टी20 प्रारूप में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह गेंदबाजों को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### रॉयल्स को अब तक क्वालीफाई कर लेना था



**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के शुरुआती हिस्से में शानदार लय हासिल करने वाली राजस्थान रॉयल्स के आल राउंडर डोनोवन फरेरा ने शनिवार को कहा कि टीम को अब तक प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। कुछ दिन पहले तक आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स लगातार दो हार के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गई।

आईपीएल : केकेआर की मौजूदा सीजन में 12 मैचों में नौवीं जीत

# नाइट राइडर्स प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, मुंबई को 18 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के मैच नंबर-60 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही केकेआर ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह पक्की कर ली। केकेआर आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम है। शनिवार को खेले इस मुकाबले में केकेआर ने मुंबई को जीत के लिए 158 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वह आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी।

केकेआर की मौजूदा सीजन में यह 12 मैचों में नौवीं जीत रही। बता दें कि ईडन गार्डन्स में काफी देर तक बारिश हुई, जिसके चलते मैच को 16-16 ओवरों का कर दिया गया था।कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस हाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर्स में सात विकेट पर 157 रन बनाए। केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली। वेंकटेश ने इस दौरान 6 चौके और दो छक्के लगाए।



### हेड टू हेड रिकॉर्ड

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अब तक 34 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस दौरान मुंबई इंडियंस ने 23 मैचों में जीत हासिल की। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स ने सिर्फ 11 मुकाबले जीते। दोनों टीमें मौजूदा सीजन में दूसरी बार आमने-सामने हुई हैं। इससे पहले 3 मई को दोनों टीमों के बीच वानखेड़े स्टेडियम में मैच हुआ था, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रनों से जीत हासिल की।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का कम्बोज बो तुषारा | 06 | 05 | 0 | 1 |
| सुनील नारायण बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वेंकटेश का यादव बो चावला | 42 | 21 | 6 | 2 |
| श्रेयस अय्यर बो कम्बोज | 07 | 10 | 1 | 0 |
| नितीश राणा रन आउट | 33 | 23 | 4 | 1 |
| रसेल का कम्बोज बो चावला | 24 | 14 | 2 | 2 |
| रिंकू का किशन बो बुमराह | 20 | 12 | 0 | 2 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 17 | 08 | 1 | 1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 16 ओवर में 157/7
गेंदबाजी : तुषारा 3-0-31-1, बुमराह 4-0-39-2, कम्बोज 3-0-24-1, पंड्या 3-0-32-0, चावला 3-0-28-2.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का रिंकू बो नारायण | 40 | 22 | 5 | 2 |
| रोहित का नारायण बो चक्रवर्ती | 19 | 24 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार का रमनदीप बो रसेल | 11 | 14 | 1 | 0 |
| तिलक का साल्ट बो हर्षित | 32 | 17 | 5 | 1 |
| पंड्या का वैभव बो चक्रवर्ती | 02 | 04 | 0 | 0 |
| डेविड का श्रेयस बो रसेल | 00 | 03 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा रन आउट | 03 | 03 | 0 | 0 |
| नमन धीर का रिंकू बो हर्षित | 17 | 06 | 1 | 2 |
| अंशुल कम्बोज नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 16 ओवर में 139/8
गेंदबाजी : अरोड़ा 2-0-16-0, स्टार्क 1-0-11-0, राणा 3-0-34-2, नारायण 3-0-21-1, चक्रवर्ती 4-0-17-2, आंद्रे रसेल 3-0-34-2

खास खबर

## नीरज डायमंड लीग का अगला चरण जीतने के लिए प्रतिबद्ध



एजेंसी ▶▶| दोहा

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा चरण में दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की अगली प्रतियोगिता जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 88.36 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया था।

वह इस चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाले जैकब वाडलेज्च से केवल 2 सेंटीमीटर पीछे रह गए थे। सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में भाग ले रहे चोपड़ा ने अपने अंतिम प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने कहा, 'मेरे लिए इस साल की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक है लेकिन डायमंड लीग भी काफी महत्वपूर्ण है। यह मेरी इस सत्र की पहली प्रतियोगिता है तथा मैं केवल 2 सेंटीमीटर के अंतर के कारण दूसरे स्थान पर रहा लेकिन अगली बार में इससे बेहतर प्रदर्शन करके जीत दर्ज करने की कोशिश करूंगा।'' डायमंड लीग का अगला चरण, जिसमें भाला फेंक स्पर्धा शामिल है, सात जुलाई को पेरिस में होगा।

## चेन्नई की जीत से प्लेऑफ की राह होगी आसान

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब



बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी।

### यशस्वी के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव

जहां तक रॉयल्स का सवाल है की टीम जीत की राह पर लौट के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उसकी चिंता सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यह सलामी बल्लेबाज विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने का प्रयास करेगा। कप्तान संजू सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें रियान पराग, शुभम दुबे और रोवमैन पावेल से अच्छे सहयोग की जरूरत है। अनुभाई स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट हासिल किए थे और वह अपने इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। उनके साथ युजवेंद्र चहल की मौजूदगी से राजस्थान का आक्रमण मजबूत बन जाता है।

### टंडन की विश्व स्क्वाश में शानदार जीत

**नई दिल्ली।** भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।

## जेम्स एंडरसन लॉर्ड्स में खेलेंगे अंतिम टेस्ट मैच



एजेंसी ▶▶| लंदन

महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का पहला टेस्ट उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के कॅरियर में 700 टेस्ट विकेट लिए है।

■ महान तेज गेंदबाज ने की आधिकारिक घोषणा

2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है। एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है।

इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी। मैं हालांकि जानता हूं कि अब दूसरों को भी उनके सपने साकार करने देने का समय आ गया है, जैसा कि मैंने किया, क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है।'

### समर्थन के लिए धन्यवाद

एंडरसन ने लिखा, 'मैं डेनिएला, लोला, रूबी और अपने माता-पिता के प्यार और समर्थन के बिना यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके साथ ही उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ काम बनाया। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है। भले ही मेरे चेहरे पर ऐसा भाव ना दिखाई दे लेकिन यह हमेशा बहुत मायने रखता है, टेस्ट में मिलते हैं।' इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगा जिसकी शुरुआत 10 जुलाई को लॉर्ड्स में होगी।

## भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे

*नई दिल्ली। मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के संचालन के बाद कहा, 'भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी।'*



**फाइनल आज**
क्वालीफाई करने वाले निशानेबाजों को जुटाने होंगे पोडियम अंक

## मनु और भानवाला ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को यहां राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।

अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल रविवार को होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष





पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह (579) चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल (575) पांचवें स्थान पर रहीं। इसका मतलब फाइनल कैसा भी रहे मनु अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर कम से कम चार अंक की बढ़त से चौथे ट्रायल में उतरेगी। दूसरे स्थान के लिए ईशा, रिदम और सिमरनप्रीत के बीच कड़ी टक्कर होगी। भानवाला ने भी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो अंक की बढ़त बनायी हुई है। विजयवीर सिद्धू और भावेश शेखावत के बीच दूसरे स्थान के लिए मुकाबला कड़ा होगा।

मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण मिली सजा

# पंत पर एक मैच का बैन, 30 लाख का लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को होने वाले अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली



खिलाड़ियों पर भी 12 लाख रुपए या मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना

कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। दिल्ली की टीम को इससे पहले सत्र की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स (31 मार्च) और कोलकाता नाइट राइडर्स (तीन अप्रैल) के खिलाफ धीमी ओवर का दोषी पाया गया था। आईपीएल के बयान के मुताबिक, 'न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का मौजूदा सत्र का तीसरा अपराध है, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपए के जुर्माना लगाया गया है ।

### शुमन गिल पर लगा 24 लाख का जुर्माना


*अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।*

## 20 साल बाद आया दुनिया का सबसे बड़ा सौर तूफान

# असाधारण खगोलीय घटना से विश्व के कई शहरों में ध्रुवीय ज्योति ऑरोरा से रंग-बिरंगा हुआ आसमान, सैटेलाइट्स और पावर ग्रिडस को पहुंचा नुकसान

**वॉशिंगटन।** दुनिया का सबसे शक्तिशाली सौर तूफान 20 सालों बाद शुक्रवार 10 मई को धरती से टकराया। तूफान के कारण तस्मानिया से लेकर ब्रिटेन तक आसमान में तेज बिजली कड़की। वहीं कई सैटेलाइट्स और पावर ग्रिडस को भी नुकसान पहुंचा। सोलर तूफान के कारण दुनिया की कई जगहों पर ध्रुवीय ज्योति (ऑरोरा) की घटनाएं देखने को भी मिलीं। इस दौरान सौर तूफान की वजह से आसमान अलग-अलग रंगों को दिखाई दिया। सौर तूफान धरती पर मैग्नेटिक फील्ड को प्रभावित करते हैं। ऐसे तूफानों के कारण पावर ग्रिड को भी नुकसान पहुंचता है। साथ ही विमानों में भी टर्बुलेंस की दिक्कत होती है। इसके चलते अंतरिक्ष यात्रिओं को तूफान के दौरान स्पेस स्टेशन के अंदर रहने की सलाह दी जाती है।

- सौर तूफान का कारण सूर्य से निकलने वाला कोरोनल मास इजेक्शन
- सौर तूफान के कारण कई सैटेलाइट्स को नुकसान पहुंचा है।
- दुनिया के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में देखा जा रहा
- रेडियो संचार क्षेत्र और जीपीएस को खतरा अलर्ट जारी
- अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इसे जी4 घटना करार दिया


फ़ोर्ट लॉडरडेल, फ़्लोरिडा

### सप्ताह के अंत तक रहेगा असर

अमेरिकी वैज्ञानिक संस्था 'नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (एनओएए) के मुताबिक इस सौर तूफान का असर सप्ताह के अंत तक रहेगा। इसे मुख्य तौर पर दुनिया के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में देखा जा सकेगा। लेकिन अगर यह तेज होता है तो इसे और भी कई जगहों पर देखा जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने दो दशकों बाद अपनी पहली गंभीर भू-चुंबकीय तूफान घड़ी भी जारी की है। इसे जी4 घटना करार दिया गया है। यह तूफान अमेरिकी सरकार के पैमाने के अनुसार, दूसरा सबसे गंभीर तूफान है।

### रेडियो सिग्नल से कई सेवाएं बाधित

तूफान से रेडियो संचार और जीपीएस को खतरा हो सकता है। सिग्नलों के बाउंस-बैक को बाधित करती हैं। आवश्यक सेवाओं के साथ-साथ विमानन, समुद्री, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों भी जीपीएस नेविगेशन पर ही निर्भर हैं। यह सभी व्यवधान के कगार पर हैं। जीपीएस सेवाओं की अखंडता चिंता का विषय है। दुनिया भर में सैटेलाइट ऑपरेटर्स, एयरलाइंस और पावर ग्रिड को ऑपरेटर अलर्ट पर हैं।


आरलैंडरवीन, नीदरलैंड


शिर्के, जर्मनी


स्विट्जरलैंड

### आसमान में दिख रही रंग-बिरंगी रोशनी

सौर तूफान आने का कारण सूर्य से निकलने वाला कोरोनल मास इजेक्शन है। इस दौरान सूर्य से आने वाले पार्टिकल्स धरती के चुंबकीय क्षेत्र (मैग्नेटिक फील्ड) में प्रवेश करते हैं। पार्टिकल्स के धरती पर एंट्री करने के बाद एक रिएक्शन होता है, जिसके कारण पार्टिकल्स चमकदार रंग- बिरंगी रोशनी के रूप में दिखते हैं।

---

## कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल अल-अहमद-अल-सबा ने भंग की देश की संसद

# राजनीतिक उठापटक के बीच सभी विभाग नियंत्रण में लिए, कहा- इस समय 'भ्रष्टाचार' बहुत बड़ी समस्या

एजेंसी ▶▶ कुवैत

कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल अल- अहमद-अल-सबा ने देश की संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने शुक्रवार को सरकारी टीवी चैनल को दिए अपने संबोधन में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं देश के लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति नहीं दूंगा। इसके साथ ही उन्होंने चार सालों के लिए देश के सरकारी विभागों को अपने नियंत्रण में ले लिया है और कई कानूनों को भंग कर दिया है। अमीर कुवैत का सबसे बड़ा पद है। संसद भंग होने के बाद नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास आ गई हैं।

> कुवैत के अमीर शेख ने कहा है कि मैं देश के लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति नहीं दूंगा। इसके साथ ही उन्होंने चार साल के लिए देश के सरकारी विभागों को अपने नियंत्रण में ले लिया है और कई कानूनों को भंग कर दिया है।

- संसद भंग होने के बाद सभी शक्तियां अमीर के पास
- देश के सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंचा भ्रष्टाचार

देश की न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार / अमीर कुवैत का सबसे बड़ा पद



### अप्रैल में हुए थे चुनाव

इससे पहले आखिरी बार फरवरी में देश की संसद भंग की गई थी, जिसके बाद अप्रैल में देश में चुनाव हुए थे। अप्रैल में नई संसद की नियुक्ति के बाद 13 मई को पहली बार संसद की बैठक होनी थी, लेकिन कई राजनेताओं ने सरकार में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। अमीर ने कहा कि सरकार बनाने में विफलता कुछ नेताओं के आदेशों और शर्तों नहीं मानने का परिणाम था।

### कुवैत में राजशाही व्यवस्था

कुवैत में भी अरब देशों का तरह शेख के नेतृत्व वाली राजशाही व्यवस्था है। लेकिन यहां की जनरल असेंबली अरब देशों के मुकाबले वहां की राजनीति में ज्यादा शक्तिशाली है। पिछले कुछ समय से कुवैत में घरेलू राजनीतिक संकट चल रहा है। देश की कैबिनेट और जनरल असेंबली के बीच कई मुद्दों पर टकराव है, जिस कारण से देश को नुकसान हुआ है। देश का वेलफेयर सिस्टम इसका बड़ा मुद्दा रहा है। इसके कारण कुवैत की सरकार कर्ज नहीं ले पा रही है। यही वजह है कि तेल से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं बचे हैं।

### 28 साल में 12 बार संसद भंग

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं।

### भ्रष्टाचार कुवैत की सबसे बड़ी समस्या

अमीर ने कहा कि कुवैत इन दिनों कठिन समय से गुजर रहा है। इसके कारण देश को बचाने के लिए और लोगों को सुरक्षित करने के लिए हमे कुछ कड़े फैसले लेने पड़े हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले कुछ सालों में राज्य के विभागों में भ्रष्टाचार बड़ी समस्या बनकर उभरा है। इससे कुवैत का माहौल खराब हुआ है। कहा कि भ्रष्टाचार देश के सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। देश की न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।


---

## यूएन में फिलिस्तीन को स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव

# पक्ष में 143 और विपक्ष में किए 9 वोट, भारत ने दिया समर्थन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। 193 सदस्यीय महासभा ने शुक्रवार की सुबह एक आपातकालीन विशेष सत्र के लिए बैठक की। इस दौरान अरब देशों की ओर से फिलिस्तीन के समर्थन में 'संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश' प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव के पक्ष में 143 मत पड़े। अमेरिका तथा इजराइल सहित अन्य 9 देशों ने विरोध में वोट किए। वहीं, 25 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।



### भड़के इजराइल राजदूत

संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की असेंबली में फिलिस्तीन को स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव पास होने से इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान भड़क गए। उन्होंने अपने भाषण के दौरान यूएन चार्टर को फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि वो चार्टर को फाड़कर संयुक्त राष्ट्र को आइना दिखा रहे हैं। एर्दान ने फिलिस्तीन को सदस्य बनाने वाले प्रस्ताव को यूएन चार्टर का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि यह दिन यूएन की बदनामी के दिन के तौर पर याद किया जाएगा। मैं चाहता हूं कि पूरी दुनिया इस पल, इस अनैतिक काम को याद रखे। यह विनाशकारी वोट है। आप अपने हाथों से यूएन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### यूएन ने मॉडर्न नाजियों के लिए दरवाजे खोले

इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने हमास का जिक्र करते हुए कहा कि यूएन ने मॉडर्न नाजियों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। इसलिए मैं आपको आपके वोट का नतीजा बताने आया हूं। आप जल्द ही फिलिस्तीन के आतंकी देश के राष्ट्रपति याह्या सिनवार से मुलाकात करेंगे। जो आप लोगों को धन्यवाद देगा। बता दें, दुनिया में स्वतंत्र देश की पहचान पाने की दिशा में यह फिलिस्तीन का पहला कदम है। वोटिंग से पहले यूएन में फिलिस्तीन के राजदूत रियाद मंसूर ने 193 देशों से फिलिस्तीन के पक्ष में वोटिंग करने को कहा था।

---

## खबर संक्षेप

### 10 नेपाली पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की



**काठमांडू।** नेपाल के दस पेशेवर पर्वतारोहियों ने शुक्रवार रात को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की। यह इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल है। पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले 'सेवन समिट ट्रैक' के कर्मी थानी गुरगैन ने कहा कि डेंडी शेरपा के नेतृत्व में पर्वतारोहियों की टीम शुक्रवार रात सवा आठ बजे शिखर पर पहुंची।

### वायुसेना ने दो महिला पर्यटकों को बचाया



**शिमला।** सिरमौर जिले के चूड़धार में फंसी भारतीय मूल की दो विदेशी महिला पर्यटकों को शनिवार सुबह वायु सेना के दो चीता हेलीकॉप्टर के जरिये सुरक्षित निकाला गया। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि इन दो महिला पर्यटकों की शुक्रवार शाम चूड़धार के तीसरी में फंसे होने की सूचना जिला प्रशासन को मिली थी, जिसके तुरंत बाद आवश्यक प्रबंध किए।

---

## पीओके में आंदोलन कर रहे लोगों का क्रूरता से दमन

# पाकिस्तान सुरक्षा बलों ने की एके-47 से फायरिंग, दो प्रदर्शनकारियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की सरकार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निवासियों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। अशांत क्षेत्र पीओके से मिल रही रिपोर्टों में कहा गया है कि पाकिस्तानी अधिकारी उन नागरिकों पर हमला कर रहे हैं जो भारी टैक्स, बढ़ती महंगाई और बिजली की कमी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीओके में पाकिस्तान की दमनात्मक कार्रवाई कोई नई बात नहीं है। ताजा कार्रवाई तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को मार्च निकाला। पाकिस्तान रेंजर्स और स्थानीय पुलिस ने हवा में आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ गोलियां भी चलाईं। पाकिस्तानी पुलिस और वहां के अर्धसैनिक बलों के हमले में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई।



### शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा था प्रदर्शन

मार्च के जरिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया था, लेकिन जब पुलिस और सुरक्षा बलों ने हवाई फायरिंग और अन्य घातक तरीकों से जवाब दिया, तो नागरिक भड़क गए और दोनों पक्षों में झड़प शुरू हो गई।

---

## उत्तरी अफगानिस्तान में बाढ़ से 300 की मौत



**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा है कि अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ में 300 से अधिक अफगान लोगों की मौत हुई है। बाढ़ की वजह से अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बगलान में 1,000 से अधिक घर भी नष्ट हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम ने शनिवार को कहा कि वह बाढ़ से बचे लोगों को बिस्कुट वितरित कर रहा है। ज्यादातर पीड़ित उत्तरी प्रांत बगलान में हैं, जहां शुक्रवार को बाढ़ आई है।

---

## नोमुरा ने इंडिया डिफेंस रिपोर्ट में किया दावा

# देश के रक्षा क्षेत्र को अगले 10 वर्षों में 138 अरब डॉलर के सौदे मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोमुरा की ओर से जारी 'इंडिया डिफेंस' नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है। यह स्थिति रक्षा उत्पादन और प्रौद्योगिकी विकास में लगी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रदान करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रक्षा पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 30 तक कुल बजट का 37 प्रतिशत तक बढ़ने की ओर अग्रसर है, इस दौरान वित्त वर्ष 2025 में अनुमानित रूप से 29 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हो सकती है। यह वित्त वर्ष 24-30 में 15.5 ट्रिलियन रुपए के संचयी पूंजी परिव्यय के बराबर है, जो पिछली अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है।



### मेक इन इंडिया पर ध्यान

रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय रक्षा बजट बढ़ाने, आधुनिकीकरण के प्रयासों और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पर सरकार के ध्यान को दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रक्षा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर्स में आकर्षक अवसर प्रदान करता है। अकेले रक्षा एयरोस्पेस क्षेत्र की हिस्सेदारी 50 बिलियन अमरीकी डॉलर की है।

---

## अंतरिक्ष में दिखी अनोखी खगोलीय घटना

# पृथ्वी की चमक से दमका हंसियाकार चंद्रमा, साथ ही हल्का गोल आकार दिखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिक्ष और उससे जुड़ी घटनाओं में रूचि रखने वाले लोगों के लिए शनिवार का दिन खास रहा। 11 मई की शाम आसमान में एक अद्भुत खगोलीय घटना घटी। पश्चिम दिशा में शुक्ल पक्ष चतुर्थी के हंसियाकार चांद देखा गया। इसमें हंसियाकार भाग तो तेज चमक के साथ चमकता दिखा लेकिन हल्की चमक के साथ पूरा गोलाकार चंद्रमा भी दिखाई दिया।



### सूर्य का प्रकाश 12 प्रतिशत परावर्तित होता है

सारिका घारू ने बताया कि चंद्रमा अपने तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश का लगभग 12 प्रतिशत परावर्तित करता है। वहीं, दूसरी ओर पृथ्वी अपनी सतह पर आने वाले सभी सूर्य के प्रकाश का लगभग 30 फीसदी परावर्तित करती है। पृथ्वी का जब यह परावर्तित प्रकाश चंद्रमा पर पहुंचता है तो चंद्रमा की सतह के अंधेरे वाले भाग को भी रोशन कर देता है।

### दा विंची चमक

साल में सिर्फ दो बार दिखने वाली इस खगोलीय घटना के बारे में बताते हुये विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि इसे अर्थ शाईन कहा जाता है। इस घटना में चंद्रमा का अप्रकाशित भाग दिखाई देता है। इसे दा विंची चमक के नाम से भी जाना जाता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्केच के साथ 1510 के आसपास अर्थ शाईन की अवधारणा को रखा था।

### अशेन ग्लो नाम भी दिया

सारिका ने बताया कि विदेशों में इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लो या नए चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा भी नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि याद रखें चंद्रमा को चमकाने में उस पृथ्वी का भी योगदान है, जिस पर आप खड़े हैं।

---

## पाक की फिर हो गई बेइज्जती!

# कर्ज मांगने पर आईएमएफ भी हो गया 'हां और न' में कनफ्यूज

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कैश क्रंच, महंगाई, करप्शन और संसाधनों की कमी के चलते पाकिस्तान भयंकर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से लोन मांग रहा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय संस्था को संदेह है कि क्या पाकिस्तान कर्ज चुका भी पाएगा, या नहीं। पाकिस्तान पर जारी अपनी स्टाफ रिपोर्ट में आईएमएफ के हवाले से कहा कि कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता गंभीर जोखिमों के अधीन है, और यह नीतियों को लागू करने तथा समय पर बाहरी वित्तपोषण पर निर्भर है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अगले पांच साल के दौरान 123 अरब डॉलर की फंडिंग की जरूरत होगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 5001 दीपक से की महाआरती



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति जिला दौसा के द्वारा राम मंदिर में दीपोत्सव धुमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति ने परशुराम जी जन्मोत्सव पर 5001 दीपक से महाआरती की गई। इसके मुख्य अतिथि 1008 महा मंगलेश्वर श्री अमरदास जी महाराज रहे और भगवान परशुराम जी से राजस्थान में अच्छी बारिश की कामना की। इस अवसर पर करुणा गौतम, सुमित्रा घोषी , प्रदेश मंत्री शशी जोशी,जिला महामंत्री हेमलता गौतम, जिला मंत्री चन्द्रकान्ता हरितवाल, जिला उपाध्यक्ष सुमित्रा घोषी , जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, नवनीत, जिला उपाध्यक्ष बेबी शर्मा, जिला मंत्री भगवती शर्मा, तहसील अध्यक्ष प्रमिला शर्मा, शहर अध्यक्ष इन्द्रा शर्मा, शहर महामंत्री सविता शर्मा, शहर महामंत्री रितु शर्मा,दौसा शहर उपाध्यक्ष पुष्पा शर्मा, सदस्य आरती जोशी, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के संगठन प्रदेश मंत्री अशोक भागोती ,राजस्थान ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष लाटा, व बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

### जेके लोन से प्लाज्मा चुराने वाला लैब टेक्नीशियन गिरफ्तार

# 5 दिन पुष्कर, सालासर और गोवर्धनजी में छुपता रहा, एफआईआर दर्ज होने से पहले हो गया था फरार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के जेके लोन अस्पताल से प्लाज्मा चोरी करने वाला आरोपी पुलिस से बचने के लिए जयपुर छोड़ कर मंदिर-मंदिर छुपता रहा। आरोपी पिछले 5 दिन से फरारी काटने के लिए धार्मिक स्थल सालासर बालाजी, पुष्कर व गोवर्धनजी में छुप रहा था। शनिवार को आरोपी जयपुर आया तो एसएमएस थाना पुलिस ने उसे जवाहर सर्किल इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- आरोपी किशन सहाय कटारिया (47) निवासी हिंडौन (करौली) हाल सेक्टर-17 प्रताप नगर को गिरफ्तार कर लिया है। 6 मई को जेके लोन अस्पताल के ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉक्टर सत्येन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया कि 4 मई को लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया को ब्लड बैंक के दूसरे कर्मचारियों ने प्लाज्मा चुराते रंगे हाथों पकड़ा था। पूछताछ में उसने प्लाज्मा चोरी करने की बात कबूल कर ली थी। उसकी कार से भी चोरी किया गया 76 यूनिट प्लाज्मा मिला था। कमिश्नर ने बताया- सत्येन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एएसआई विजेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल मुकेश शर्मा की टीम को लगाया गया था। शनिवार शाम को आरोपी के जवाहर सर्किल क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम के जवान सादा वर्दी में पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह कब से प्लाज्मा चुरा रहा था और किसको बेच रहा था।

## आरोपी से पूछताछ में और नाम आएंगे सामने

पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में और नाम सामने आएंगे। उससे यह भी पता किया जा रहा है कि सीसीटीवी के तार किसने काटे थे। इस काम में जेके लोन अस्पताल से उसकी मदद करने में कौन-कौन शामिल हैं। वह चोरी हुआ प्लाज्मा किस-किस को बेचता था। इस प्लाज्मा का वे लोग क्या इस्तेमाल किया करते थे। कब से यह प्लाज्मा चोरी का खेल चल रहा था। क्या और भी सरकारी अस्पतालों से प्लाज्मा चोरी होता हैं। ऐसे सभी सवालों के जवाब आरोपी से लिए जाएंगे।

### जयपुर में ऑटो पलटने से विदेशी युवती का पैर टूटा

# लोगों ने ऑटो सीधा कर युवती को बाहर निकाला, बाइक सवार भी हुआ घायल

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर के सोडाला सर्किल पर आज शाम 5 बजे तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे के बाद ऑटो तीन बार पलटी खा गया। लोगों ने ऑटो सीधा किया तो उसमें एक विदेशी युवती बैठी थी। युवती का पैर टूट गया। जिस बाइक सवार से ऑटो टकराया, उसका पैर भी टूट गया। ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद युवती को चार नंबर डिस्पेंसरी भेजा गया। मौके पर मौजूद विमल ने बताया- सोडाला सर्किल पर अजमेर रोड की तरफ से एक ऑटो सिविल लाइन की तरफ जा रहा था। ओवर स्पीड ऑटो चालक बाइक सवार से टकरा कर तीन बार सड़क पर पलट गया। इस दौरान बाइक सवार का पैर टूट गया। वहीं, ऑटो में सवार एक विदेशी महिला का पैर भी फ्रैक्चर हो गया। विदेशी महिला के एडी में फ्रैक्चर होने के कारण उसे चलने में परेशानी हो रही थी। इसे बाद निजी वाहन ने अस्पताल ले जाया गया। ऑटो पलटने से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। ऑटो को साइड कर जाम खुलवाया गया।

# धमाके के साथ मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, टूटी पट्टियों के नीचे दबने से मां बेटी सहित तीन की हुई दर्दनाक मौत

### हादसे से गांव में छाया मातम

### नन्ही सी जान गिरिजा के सर से उठा मां का साया

### हसमुख एवं मिलनसार था मृतक बाबूलाल

राजस्थान की राजनीति







**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत धाबाईयों का नया गांव के रघुनाथपुरा में शुक्रवार देर रात को आकाशीय बिजली गिरने से टूटी पट्टीयों के नीचे दब जाने से एक ही परिवार मैं तीन मौंते हुई। एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई । तथा एक युवक, युवती एवं एक बालिका के मामूली चोटे आई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौपे तथा मर्ग दर्ज करके जांच शुरू की। दबलाना नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह व थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि रघुनाथपुरा निवासी प्रभु लाल गुर्जर की पुत्री गोरस्या का खेड़ा निवासी कर्मा उम्र 30 वर्ष पत्नी महावीर गुर्जर अपनी दो बालिकाओं दिव्या 4 वर्ष तथा गिरिजा 1 वर्ष को साथ लेकर गांव में यादवों के विवाह में शामिल होने के लिए आई हुई थी। बूंदी का गोठड़ा निवासी दामाद बाबूलाल उम्र 45 वर्ष पुत्र शो करण गुर्जर भी गांव में स्थित देवता के स्थान पर धौक लगाने के लिए आया था । शाम को भोजन करने के बाद स्वयं प्रभु लाल गुर्जर तो खेत पर फसल के रखवाली करने के लिए चला गया। प्रभु लाल की पत्नी हीराबाई,दामाद बाबूलाल, पुत्री करमा बाई, नातिन दिव्या, गिरिजा मकान के बरामदे में सोए हुए थे। तथा ऊपर बने कमरे में प्रभु लाल का पुत्र लखन उम्र 22 वर्ष पुत्रवधू ममता उम्र 20 वर्ष सो रही थी। बीती देर रात एका एक आसमान में बादल छाकर के तेज हवा के साथ मकान के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मकान क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पट्टीयों के टूटकर गिरने से उनके नीचे दब जाने से बूंदी का गोठड़ा निवासी बाबूलाल 45, गोरस्या का खेड़ा निवासी कर्मा एवं उसकी एक बालिका 4 वर्षीय दिव्या की मौके पर ही मौत हो गई। तथा पुत्र एवं पुत्रवधू एक वर्षीय गिरिजा को मामूली चोट आई। हीराबाई गंभीर रूप से घायल हो गई । ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों शवों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी देवराज गुर्जर एवं पुलिस मौके पर पहुंची। बेहोशी की हालत में हीराबाई को उपचार के लिए बूंदी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है।

## हादसे के वक्त मकान में सो रहे थे सात सदस्य

हादसे के वक्त मकान में सात सदस्य सोए हुए थे। जिनमें तीन की मौके पर हुई मौत, एक महिला गंभीर घायल, तीन अन्य को मामूली चोटे आई।
पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतकों के तीनों शवों को बूंदी अस्पताल ले जाकर के पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सोपा । प्रभु लाल गुर्जर की रिपोर्ट पर पुलिस ने शनिवार को मर्ग दर्ज करके जांच से शुरू की।

# कब मास्टर फ्लोक लीडर बेसिक कोर्स शिविर का आयोजन

राजस्थान की राजनीति




**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महिला महाविद्यालय बांदीकुई में आयोजित हुआ। सात दिवसीय आवासीय शिविर में शिविर संचालक जिला ऑर्गेनाइजर गाइड नयना मीणा न बताया कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना स्वालंबी कर्तव्य लिस्ट स्वयं का काम स्वयं को करना सुबह जल्दी उठना आदि सहायक शिविर संचालक जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट सोनू शर्मा ने बालिकाओं को इस सात दिवसीय शिविर में स्काउट प्रार्थना ध्वज गीत ध्वज शिष्टाचार प्राथमिक उपचार गांठे कैंप फायर लेआउट गार्ड का ओनर तालियां बजाना टोली सदस्यों के साथ भोजन बनाना ग्रुप के माध्यम से कार्य करना समाज में किस प्रकार रहा जाता है सभी से मित्रतापुर व्यवहार करना ध्वज पशु पक्षियों के हित में कार्य करना जैसे की परिंदे लगाना आवारा पशुओं को चार वे पानी की व्यवस्था करना पेड़ पौधों की रक्षा करना समय पर उनको खाद पानी की व्यवस्था करना विनम्र रहना एक दूसरे पर विश्वास करना आदि प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रबंधक s p उपाध्याय महोदय ने ध्वज लहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल विवेक स्वामी व अश्वनी उपाध्याय कॉलेज स्टाफ बनवारी गुर्जर, कमलेश शर्मा स्काउट से प्रशिक्षण दे रहे जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट सोनू शर्मा , प्रशिक्षण के राहुल शर्मा,कविता सैनी, आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जयपुर फोर्टिस के दो डॉक्टर गिरफ्तार

# किडनी-लीवर ट्रांसप्लांट मामला, किराए के घरों में मरीज देखने जाते थे दोनों सर्जन

राजस्थान की राजनीति



संदीप गुप्ता | जितेन्द्र गोस्वामी

**जयपुर।** रिश्वत लेकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, शुक्रवार को फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को डॉक्टरों के बारे में कई जानकारी मिली। जयपुर पुलिस ने आज तीन अस्पतालों के डॉक्टरों से 6 घंटे अलग-अलग पूछताछ की थी। इसके बाद सर्जन संदीप गुप्ता और जितेन्द्र गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों डॉक्टर किराए के मकानों में मरीज देखने जाते थे। डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी फोर्टिस के पहले मणिपाल हॉस्पिटल में काम करता था। मणिपाल का लाइसेंस रिन्यू नहीं होने पर सितम्बर 2023 में जितेन्द्र गोस्वामी ने फोर्टिस जॉइन कर लिया था। डॉक्टर जितेन्द्र और संदीप गुप्ता ही फोर्टिस में ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया करते थे। जानकारी में यह भी आया है कि इन लोगों को कई अन्य डॉक्टरों की जानकारी भी है। जो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं। दरअसल, पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी भानू ने पुलिस को बताया है कि कौन-कौन डॉक्टर इस पूरे खेल में लगे हुए हैं। जिस पर पुलिस टीम ने दो डॉक्टरों को शनिवार सुबह एसीपी गांधी नगर के कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की। इस पर दोनों डॉक्टरों ने पुलिस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नर्सिंग स्टाफ दलालों की मदद कर रहा था

बता दें कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) गौरव सिंह, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह, अंग प्रत्यारोपण के मामले में एमओयू की गई कंपनी मैड सफर के डायरेक्टर सुमन जाना और दलाल सुखमय नंदी से भी पूछताछ से की गई थी। पूछताछ में भानू की भूमिका मिली थी। पूछताछ में सामने आया था कि आरोपी रोजाना दलालों के संपर्क में रहकर उन्हें अवैध ट्रांसप्लांट के लिए मदद करता था। हॉस्पिटल में सर्जरी के बाद दलाल मरीजों को किराए के मकानों में रखते थे। जहां पर मरीजों की देखरेख के लिए भानू ही जाता था।

## नर्सिंग स्टाफ और दलालों से संपर्क में रहने वालों की जांच में जुटी पुलिस

गिरफ्तार डॉक्टर कई बार किराए के मकान में मरीजों को देखने के लिए जाते थे। अब पुलिस भानू और दलालों के सीधे संपर्क में रहने वाले डॉक्टर्स की भूमिका तय करने में जुटी हुई है। इसके अलावा इस मामले में फरार चल रहे मैड सफर के अन्य डायरेक्टर राज कमल व दलाल मोहम्मद मुर्तजा अंसारी को पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## क्या है मामला

दरअसल, एसीबी ने एसएमएस हॉस्पिटल में 31 मार्च सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते रंगे हाथों पकड़ा था। टीम ने मौके से 70 हजार रुपए और 3 फर्जी एनओसी भी जब्त किए थे। कार्रवाई के बाद एसीबी ने आरोपियों के घर और अन्य ठिकानों पर भी सर्च किया था। इनकी गिरफ्तारी से खुलासा हुआ था कि फोर्टिस हॉस्पिटल का को-ऑडिनेटर विनोद सिंह भी कुछ समय पहले पैसा देकर फर्जी सर्टिफिकेट लेकर गया था। एसीबी ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया था। बाद में जयपुर पुलिस ने इस केस में जांच शुरू कर दी थी।

### तिवाड़ी बोले- वैभव की हार के डर से बौखलाए गहलोत

# कहा- अल्पसंख्यक वोटों के लिए जानबूझकर पित्रोदा, मणिशंकर से देशविरोधी बयान दिलवाए



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ बीजेपी नेता घनश्याम तिवाड़ी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार किया है। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा- अशोक गहलोत की खीज और हताशा साफ दर्शाती है कि उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है।
वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने गहलोत को सम्मान नहीं दिया। जब वे रायबरेली राहुल गांधी के नामांकन में जा रहे थे तो कांग्रेस ने उन्हें वापस बुलाकर अमेठी भेज दिया। खुद के घर के झगड़े का गुस्सा भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं। तिवाड़ी जयपुर बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।
तिवाड़ी ने कहा- राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ को लेकर गहलोत का बयान उनकी हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ देश में लोकमत परिष्कार का काम कर रही है, और निस्वार्थ भाव से किया गया यह काम अपने आप में बड़ा काम है।

## बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा को कोई सानी नहीं

तिवाड़ी ने कहा- मोदी की गारंटी केवल एक व्यक्ति की गारंटी नहीं है, बल्कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की गारंटी है। आज बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा को कोई सानी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहले राउंड में अपनी हार पहले ही मान ली थी, इसलिए कांग्रेस पार्टी के लोग मतदान करने नहीं आए। कांग्रेस के पोलिंग बूथ खाली रहे और भाजपा के प्रत्येक बूथ पर पूरा मतदान हुआ। चुनाव परिणाम आने पर तस्वीर साफ होगी और यह साफ है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। वहीं, कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी।

## कांग्रेस खास रणनीति के तहत पित्रोदा और अय्यर से बयान दिलवाती है

तिवाड़ी ने कहा- कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खास रणनीति के तहत मणिशंकर अय्यर और सैम पित्रोदा जैसे लोगों को अपना प्रमुख प्रवक्ता बनाया है। ये प्रवक्ता भारत को तोड़ने और कमजोर करने वाले बयान देते हैं। वहीं, दूसरी और पाकिस्तान को मजबूत राष्ट्र बताकर भारत को ही धमकाने का काम करते हैं। इन प्रवक्ताओं का मकसद विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहित करके वोट बटोरना है।

## पित्रोदा- अय्यर को विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम लेती है कांग्रेस

तिवाड़ी ने कहा- कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती है। इन नेताओं की मदद से कांग्रेस पाकिस्तान को मजबूत बताकर देश में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करती है। ये सब एक दिन में अचानक नहीं होता बल्कि ये एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जाता है। इसके बाद जैसे ही इन बयानों पर देश में विरोध होता है तो कांग्रेस खुद को इन बयानों से दूर रखकर किनारा कर लेती है। इन दोनों प्रवक्ताओं का बयान कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता का प्रदर्शन करते हैं।

### परिवार के वॉट्सऐप ग्रुप पर हुआ झगड़ा, फिर की हत्या

# जयपुर में मौसेरे भाई ने दूसरे भाई के सीने में चाकू मारा, साथी गंभीर घायल

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में मौसेरे भाइयों ने चाकू मारकर दूसरे भाई की हत्या कर दी। वॉट्सऐप ग्रुप पर मैसेज को लेकर इनमें झगड़ा हुआ था। इस दौरान गुस्साए मौसेरे भाइयों ने सीने में चाकू घोंप दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके साथी पर भी चाकू से हमला कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में स्स्ब हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस फरार हत्यारों की तलाश कर रही है। एसएचओ (जयसिंहपुरा खोर) राजेश मीना ने बताया- कानपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी सलमान अंसारी (25) पुत्र आफताब की हत्या हुई है। उसके घायल साथी शाहरुख का एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पिछले करीब 1 साल से सलमान अंसारी जयपुर में नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर में रह रहा था। वह प्रताप नगर स्थित एक टेलीकॉम कंपनी में जॉब कर रहा था।
सलमान अंसारी के घरवालों ने वॉट्सऐप पर खान परिवार के नाम से ग्रुप बना रखा है। पिछले काफी दिनों से सलमान के मौसेरे भाई असलम, जमीर, साहिल आदि ग्रुप पर गलत मैसेज डाल रहे थे। मौसेरे भाइयों की ओर से वॉट्सऐप ग्रुप पर सलमान के खिलाफ गंदे मैसेज किए जा रहे थे। वॉट्सऐप मैसेज को लेकर मौसेरे भाइयों से सलमान का झगड़ा हुआ था।

## चाकू से किया जानलेवा हमला

एसआई सतीश शर्मा ने बताया- शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे सलमान अपने साथी शाहरुख सहित 6 लोगों के साथ मौसेरे भाइयों को समझाने गया था। नाई की थड़ी स्थित 60 फीट रोड पर दोनों पक्षों में वॉट्सऐप मैसेज को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते झगड़ा बढ़ने पर असलम ने चाकू निकाला और सलमान के सीने में घोंप दिया। इस पर सलमान लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। इस पर उसका साथी शाहरुख दौड़कर आया तो हमलावरों ने उसके पेट में भी चाकू घोंप दिया। रोड पर दोनों को लहूलुहान हालत में तड़पता छोड़कर हमलावर फरार हो गए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।